''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक 259 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए बुधवार, 04 दिसंबर 2024 samachargate@gmail.com


## जरूरी सूचना

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने राज्यपाल बण्डारू दत्तात्रेय से की मुलाकात

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने राज्यपाल से संगठनात्मक और प्रदेश की राजनीतिक गतिविधियों पर की चर्चा**

**महिलाओं के उत्थान के लिए पीएम मोदी पानीपत से लांच करेंगे बीमा सखी योजना : मोहन लाल बड़ौली**





**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने मंगलवार को हरियाणा के राज्यपाल बण्डारू दत्तात्रेय से औपचारिक मुकालात की। प्रदेश अध्यक्ष ने राज्यपाल को पौधा भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान राज्यपाल और प्रदेश अध्यक्ष के बीच संगठनात्मक विषयों के साथ-साथ प्रदेश की राजनीतिक गतिविधियों के बारे में चर्चा हुई।

राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राज्यपाल श्री बण्डारू से कई विषयों पर चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चल रही सरकार की योजनाओं और संगठनात्मक विषयों के बारे में राज्यपाल को अवगत कराया है। उन्होंने कहा कि 9 दिसंबर को लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पानीपत में महिलाओं की एक बड़ी रैली को संबोधित करने आ रहे हैं। इसी दिन पीएम मोदी देश की महिलाओं के उत्थान के लिए बीमा सखी योजना को लांच करेंगे।

मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि पीएम मोदी के आगमन को लेकर हमारे कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह और जोश है। प्रधानमंत्री मोदी के पानीपत पहुंचने पर भव्य स्वागत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में लोगों को किसी तरह की कोई परेशानी महसूस ना हो इसके लिए व्यवस्था के नाते पार्टी के कार्यकर्ताओं को भी जिम्मेदारियां दी गई है।

श्री बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 जनवरी 2015 को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना को भी पानीपत से शुरू किया था। इस योजना का मकसद देश में लिंग भेदभाव को खत्म करना और बेटियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। अब पीएम मोदी महिलाओं के उत्थान के लिए बीमा सखी योजना को लांच कर महिलाओं को बड़ा तोहफा देंगे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा का सदस्यता अभियान तेज गति से चल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को पार्टी से जोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान के लिए पांच दिन और बढ़ाए गए हैं। कार्यकर्ताओं को 5 दिसंबर तक टारगेट को पूरा करने के दिशा निर्देश दिए हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से अपने-अपने बूथों पर सक्रिय सदस्य बनाने का भी आह्वान किया है।

# शांतिपूर्ण आंदोलन किसानों का अधिकार : सैलजा

**सरकार अपना वादा पूरा करते हुए किसानों को एमएसपी की गारंटी दे**

**किसान पैदल दिल्ली कूच करना चाहते हैं तो सरकार उन्हें क्यों रोक रही है**

**भाजपा सरकार किसानों को प्रताड़ित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है**



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** एमएसपी पर फसलों की खरीद का कानून बनाने की मांग पर देश का अन्नदाता लंबे समय से संघर्ष कर रहा है। हर बार भाजपा की सरकार किसानों से झूठा वादा करके किसानों के संघर्ष को दबाने का प्रयास कर रही है। यदि भाजपा सरकार किसानों के आंदोलन को समाप्त करवाना चाहती है तो तुरंत किसानों से बात करके एमएसपी गारंटी का कानून लागू कर दे। यह बात अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने आज जारी एक बयान में कही।

सांसद सैलजा ने कहा कि किसान लंबे समय से एमएसपी की गारंटी का कानून बनाने की मांग कर रहे हैं। खनौरी बॉर्डर पर किसान कई माह से धरने पर बैठे हुए हैं, लेकिन भाजपा की सरकार किसानों से कोई बात नहीं कर रही है। किसानों को न तो समय पर डीएपी खाद मिलती है और न ही यूरिया। किसान व खेती को खत्म करने के लिए सरकार ने पहले भी तीन काले कानून बनाए थे। किसानों के आंदोलन के बाद सरकार ने तीनों कृषि कानून वापस लिए थे। अब किसानों ने 6 दिसंबर को पैदल ही दिल्ली कूच करने का ऐलान किया है तो सरकार हरकत में आ गई है। उन्होंने कहा कि सरकार अब भी किसानों से बात करने की बजाय किसानों को दिल्ली जाने से रोकने का प्रयास कर रही है। सरकार का प्रयास है कि किसान किसी तरह से दिल्ली न जाए। सरकार किसानों के आंदोलन को दबाने का प्रयास कर रही है। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल 8 दिन से भूख हड़ताल पर है। उनका स्वास्थ्य गिर रहा है, लेकिन अभी तक सरकार या प्रशासन का कोई नुमाइंदा किसान नेता से मिलने नहीं गया है।

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि सरकार को तुरंत किसानों से बात करनी चाहिए। भूख हड़ताल पर चल रहे डल्लेवाल की भूख हड़ताल खत्म करवाए और किसानों की मांगों को पूरा करे। उन्होंने कहा कि यदि किसान केंद्र सरकार के पास अपनी मांग लेकर जाना चाहते हैं तो उन्हें रोकना अनुचित है क्योंकि शांतिपूर्ण आंदोलन करना किसानों का लोकतांत्रिक अधिकार है। किसानों के इस लोकतांत्रिक अधिकार पर कुठाराघात करना निंदनीय है। सरकार को तुरंत प्रभाव से किसान नेताओं से बातचीत करनी चाहिए और इनकी समस्याओं का समाधान निकालना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रजातंत्र में सबको अधिकार है और सबकी बात सुननी चाहिए।

## कलेक्टर रेट में बेतहाशा बढ़ोतरी पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने जताया विरोध



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कलेक्टर रेट में बेतहाशा बढ़ोतरी का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि इसके चलते जमीन के रेट आसमान छूएंगे और आम आदमी का अपनी जमीन व मकान खरीदने का सपना अब सपना ही बनकर रह जाएगा। हरियाणा के इतिहास में कभी भी इस तरह कलेक्टर रेट में इतनी भारी बढ़ोतरी नहीं की गई। इससे स्पष्ट हो गया है कि भाजपा पूरी तरह गरीब और मध्यम वर्ग विरोधी पार्टी है। इसका एक नमूना तब भी देखने को मिला था जब बीजेपी ने हुडा के प्लॉट का आवंटन नीलामी के आधार पर करने का फैसला लिया था। इसके चलते सेक्टर के प्लॉट्स के रेट भी रातों-रात बढ़ गए थे और गरीब व मध्यम वर्ग की पहुंच से बाहर हो गए थे। प्रदेशभर से कई प्रतिनिधिमंडलों ने इस बारे में भूपेंद्र सिंह हुड्डा के सामने बात रखी। सभी ने कहा कि सरकार का यह फैसला जनता पर भारी बोझ साबित होगा। कई जगह तो कलेक्टरेट में 20 से 250% तक बढ़ोत्तरी हुई है। जबकि आम तौर पर यह बढ़ोत्तरी 5 से 10 प्रतिशत ही होती थी। लेकिन बार तो सरकार ने हर गली, मोहल्ले और गांव के हिसाब से अलग-अलग दरों में बढ़ोत्तरी कर डाली। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि सरकार के इस फैसले से कोई भी खुश नही है और इसका चौतरफा विरोध हो रहा है। इसलिए इस बेतहाशा बढ़ोत्तरी के फैसले को वापिस लेते हुए इसे 5-10 प्रतिशत तक सीमित करना चाहिए।

# खिलाड़ियों के लिए सुविधा, कैश अवार्ड के लिए अब ऑनलाइन आवेदन प्रणाली शुरू : डीसी

## कैश अवार्ड प्रक्रिया के लिए पूरे वर्ष खुला रहेगा खेल विभाग का पोर्टल

**खिलाड़ी अब कैश अवार्ड के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन कर दी गई है व खेल विभाग के पोर्टल के माध्यम से ही आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। इससे पूर्व यह प्रक्रिया ऑफलाइन थी और खिलाड़ियों को खेल विभाग में आवेदन करना होता था, जिस कारण कई बार जानकारी के अभाव में कुछ खिलाड़ी आवेदन से वंचित रह जाते थे।**



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने बताया प्रदेश सरकार द्वारा खेल एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए नकद पुरस्कार दिया जाता है। इसके तहत मान्यता प्राप्त राज्य, राष्ट्रीय, ओलंपिक, राष्ट्रमंडल खेलों, एशियन गेम्स सहित अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नगद पुरस्कार दिया जाता है। उन्होंने बताया कि खिलाड़ी अब कैश अवार्ड के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन कर दी गई है व खेल विभाग के पोर्टल के माध्यम से ही आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। इससे पूर्व यह प्रक्रिया ऑफलाइन थी और खिलाड़ियों को खेल विभाग में आवेदन करना होता था, जिस कारण कई बार जानकारी के अभाव में कुछ खिलाड़ी आवेदन से वंचित रह जाते थे।

जिला खेल अधिकारी देवेंद्र गुलिया ने बताया कि डीसी विक्रम सिंह के दिशा-निर्देशन में खेल विभाग की विभिन्न योजनाओं को जिले में प्रभावी तरीके से लागू किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि खेल विभाग की तरफ से कैश अवार्ड प्रक्रिया को ऑनलाइन किया गया है व पूरे वर्ष पोर्टल खुला रहेगा। खिलाड़ी 01 अप्रैल 2024 व उसके बाद की प्रतियोगिताओं के लिए पोर्टल के द्वारा आवेदन कर सकते हैं। कोई भी पदक विजेता खिलाड़ी प्रमाणपत्र आने के बाद में इस राशि के लिए आवेदन कर सकता है। ऑनलाइन प्रक्रिया आने से जहां खिलाड़ियों का समय बचेगा वहीं जिला कार्यालय के चक्कर लगाने से भी निजात मिलेगी। उन्होंने बताया कि विभाग के पोर्टल http://haryanakhel-cashaward.in पर नाम कैश अवार्ड मैनेजमेंट सिस्टम का विकल्प चयन करना होगा। खिलाड़ी प्रतियोगिता समाप्त होने उपरांत ही नकद इनाम हेतु ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। प्रदेश सरकार द्वारा खेल एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए नगद पुरस्कार दिया जाता है। इसके तहत मान्यता प्राप्त राज्य, राष्ट्रीय, ओलंपिक, राष्ट्रमंडल खेलों, एशियन गेम्स सहित अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नगद पुरस्कार दिया जाता है।

# फिल्म द साबरमती रिपोर्ट ने सच्चाई को देश के सामने उजागर किया : राज्य मंत्री राजेश नागर

**राज्य मंत्री राजेश नागर और भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने आज भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ देखी फिल्म द साबरमती रिपोर्ट**



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** हरियाणा के खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने और भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने आज भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के फरीदाबाद के सेक्टर-12 स्थित पेबल डाउन टाउन मॉल स्थित पीवीआर थिएटर में 'द साबरमती रिपोर्ट' फिल्म देखी और उन्होंने फिल्म देखने के बाद उन्होंने आमजन से भी फिल्म देखने का अनुरोध किया। उन्होंने आमजन से आग्रह किया कि वे इस ऐतिहासिक घटनाक्रम की वास्तविकता को जानें और समझें। राज्य मंत्री राजेश नागर ने कहा कि गोधरा कांड और कारसेवकों के नरसंहार की घटनाओं को वर्षों तक दबाया गया और एकतरफा विमर्श द्वारा सत्य को छुपाने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा, यह फिल्म केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह उन और सत्य घटनाओं को उजागर करती है, जो लंबे समय से आम जनता के सामने नहीं आने दी गई। उन्होंने कहा की साबरमती एक्सप्रेस में हुआ गोधरा कांड दिल को झकझोरने वाला था इस कांड के सभी असल दोषियों को सजा मिलना ही उन सभी दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए यज्ञ में आहुति के बराबर होगी। उन्होंने कहा कि फिल्म निर्माताओं ने इस मुद्दे को बहुत संवेदनशीलता और गरिमा के साथ पेश किया है। यह हम सभी के लिए आत्ममंथन का समय है कि कैसे इस मुद्दे पर कुछ स्वार्थी लोगों ने राजनीति की। इस फिल्म के माध्यम से 59 निर्दोष पीड़ितों को भी अपनी बात कहने का मौका मिला है। यह फिल्म वास्तव में उन 59 निर्दोष पुरुष, महिलाओं व बच्चों के प्रति एक सच्ची श्रद्धांजलि है। फिल्म के निर्माता ने फिल्म के माध्यम से इस घटनाक्रम की सच्चाई को देश के सामने उजागर किया, जिस घटना से पूरा देश अनभिज्ञ था। उन्होंने फिल्म में किरदार निभाने वाले सभी कलाकारों की जमकर तारीफ की।

भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने कहा कि कि यह फिल्म गुजरात के गोधरा कांड की सच्ची घटनाओं पर आधारित है और न्याय की जीत को दर्शाती है। राजकुमार वोहरा ने कहा कि पन्द्रह नवंबर को रिलीज हुई 'द साबरमती रिपोर्ट' के माध्यम से साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन में आग लगने की उस घटना के पीछे की सच्चाई को उजागर किया गया है, जिसमें 27 फरवरी 2002 को अयोध्या से एक धार्मिक समारोह में भाग लेने के बाद अयोध्या से गुजरात लौट रहे 59 कारसेवकों की गोधरा स्टेशन पर ट्रेन में आग लगाकर निर्मम हत्या की गई थी। फिल्म दा साबरमती रिपोर्ट में दिखाया गया है कि कुछ गलत और छोटी सोच के लोगों की प्लानिंग के चलते कई लोगों को जान गंवानी पड़ी। ये बड़ी दुर्भाग्यपूर्ण घटना थी जिसको इस फिल्म के जरिए सच्चाई को सामने लाने की कोशिश की गई है। उन्होंने कहा कि द साबरमती रिपोर्ट झूठे विमर्श और तथ्यों को दबाने की वर्षों पुरानी योजनाओं को खत्म कर देती है। उन्होंने इसे पीड़ितों के साथ हुए अन्याय और सच्चाई को जानने के लिए हर जागरूक नागरिक के लिए अनिवार्य बताया।

## राज्य स्तरीय महिला पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह**

**फरीदाबाद।** महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां प्राप्त करने वाली महिलाओं के लिए राज्य स्तरीय महिला पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन पुरस्कारों के लिए महिलाएं 27 दिसंबर 2024 तक आवेदन कर सकती हैं। डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि पुरस्कार देने का मुख्य उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को पहचान/मान्यता देना है, ताकि वे भारतीय महिलाओं की भावी पीढ़ी के लिए रोल मॉडल बन सकें। यह भारतीय समाज में और उनके संबंधित क्षेत्रों में महिलाओं की बहुमुखी भूमिका को स्वीकार करने और प्रोत्साहित करने के लिए समाज की मानसिकता को बदलने में भी एक लंबा सफर तय करेगा। उपायुक्त ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा हरियाणा राज्य स्तरीय महिला पुरस्कार में सुषमा स्वराज पुरस्कार, इंदिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार, कल्पना चावला शौर्य व बहन शन्नो देवी पंचायती राज पुरस्कार, लाइफ-टाइम अचीवर्स अवार्ड के लिए निर्धारित राशि व प्रशस्ति पत्र दिए जाएंगे। इसी प्रकार से एएनएम/नर्स/महिला एमपीडब्ल्यू, महिला खिलाड़ी, सरकारी कर्मचारी, सामाजिक कार्यकर्ता, महिला उद्यमी तथा साक्षर महिला समूह को निर्धारित राशि के साथ-साथ प्रशस्ति पत्र दिए जाएंगे। पुरस्कार प्राप्त करने हेतु आवेदन करने के लिये योग्यताएं व शर्तें महिला एवं बाल विकास विभाग की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट डब्ल्यूसीडीएचआरवाई डॉट जीओवी डॉट आईएन से डाउनलोड की जा सकती है। वहीं अधिक जानकारी के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में संपर्क किया जा सकता है।

# महावीर इंटरनेशनल सोशल फाउंडेशन एवं बन्नूवाल वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में विश्व दिव्याग दिवस मनाया




**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** महावीर इंटरनेशनल सोशल फाउंडेशन एवं बन्नूवाल वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान मे संचालित 1के ब्लॉक के कम्यूनिटी सेंटर पर स्थित बालवीर दिव्याग पाठशाला के प्रांगण मे विश्व दिव्याग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मूक बगिर व मंद बुद्धि ब बचों द्वारा सांकेतिक भाषा में राष्ट्र गान पेश किया । इसी तरह दिव्याग बचों द्वारा नृत्य भी पेश किया गया, और चम्मच नींबू से दौड़ भी कारवाई गई समारोह मे पधारे अथितियों ने भी नृत्य में साथ दिया । देवाश्रय एनिमल अस्पताल की मुख्य निदेशक एवें रोटरी क्लब हेरिटिज की अध्यकक्षा श्रीमती अंशु गुप्ता मुख्य आथिति के रूप में उपस्थित थी और उनके साथ सचिव कुलदीप सेठी और अन्य सदस्य भी उपस्थित थे और उन्होंने सभी बचों को गर्म सवेटर, जूते, जुराब वितरित किए। श्रीमती गुप्ता ने देवाश्रय एनिमल अस्पताल की जानकारी देते हुए संचालनकर्ता संस्थाओं को सहयोग देने का आश्वासन दिया ।

विक्टोरा ऑटो के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय सोमवंशी विशिष्ठ आथिति के रूप में उपस्थित थे, उन्होंने आपने उद्बोधन में संस्था के कार्यों की भूरी भूरी प्रशांश करते हुवे संस्था को सीएसआर मदद का आश्वासन दिया अमेरिका से पधारी कुमारी गीत जैन ने महावीर इंटरनेशनल के कार्यों मे सहयोग करने की बात कही

महावीर इंटरनेशनल के संगरक्षक अजीत पटवा ने बालवीर पाठशाला मे चल रही गतिविधियों शिक्षा, प्रशिक्षण आदि की जानकारी दी और गोबर द्वारा उत्पाद की जानकारी भी दी और फरीदाबाद की जनता का अहवाहन किया कि मंदिरों में या घरों में बांस द्वारा अगरबाती या धूप या हवन की लकड़ी की जगह गोबर से बने प्रोडक्ट को काम लाएं जिससे पर्यावरण के साथ अप्रत्यक्ष गौ सेवा और रोजघार के साधन उपलब्ध होंगे और लकड़ी आदि की बचत होगी।

बनुवाल वेल्फेर एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश भाटिया ने सभी अथितियों के अन्य आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर संजीव ग्रोवेर, प्रमोद सचदेवा, प्रोमिल जैन, वंदना मल्होत्रा, अंजली, सीमा भाटिया, रजनी, रवि श्रीवास्तव, आनंद कुमार, नीरू, शिक्षा, कल्पना, देवेंदर कुमार, आदि उपस्थित थे।

**अपनी शादी, जन्मदिन और विवाह की वर्षगांठ की फोटो हमें भेजें।**

**नोट : मेल में नाम, पता और मोबाईल नंबर जरूर लिखें।**

samachargate@gmail.com

## प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक टोल फ्री नम्बरों की सूची

| | |
|---|---|
| सीएम शिकायत पोर्टल | 181 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112, 100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एमबुलैस सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाइल्ड लाइन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सी एम सहायता लाइन | 1076 |
| क्राइम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता लाइन | 1091 |
| पृथ्वी भूकम्प | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान काल सेन्टर | 1551 |
| नागरिक काल सेन्टर | 155300 |
| ब्लड बैंक | 9480044444 |



# फूड इंडस्ट्री में दें अपने भविष्य को उड़ान

**कुछ लोग ऐसे भी होते हैं, जिन्हें न सिर्फ तरह-तरह के पकवान खाना अच्छा लगता है, बल्कि वे अच्छे स्वाद को भी भली-भांति पहचान लेते हैं। अगर आप भी उन्हीं में से एक हैं, जिन्हें विशिष्ट प्रकार के व्यंजनों से विशिष्ट लगाव है तो आप अपने इसी लगाव को अपना भविष्य बना सकते हैं। फूड इंडस्ट्री में विकल्पों की भरमार है। लीक से हटकर यह कॅरियर बेहद दिलचस्प होने के साथ-साथ चुनौतीपूर्ण भी है। आइए फूड इंडस्ट्री में मौजूद विकल्पों के बारे में जानें।**

## फूड क्रिटिक

मार्केट में कौन–से नए फूड प्रोडक्ट आए हैं, इससे लेकर किस रेस्तरां में कौन– से स्वादिष्ट व्यंजन मिलते हैं, इसकी पूरी जानकारी अपनी राइटिंग स्किल के जरिए लोगों तक पहुंचाना फूड क्रिटिक का महत्वपूर्ण काम होता है। फूड क्रिटिक खाने के टेस्ट के साथ ही रेस्तरां की सर्विस के बारे में भी पूरी जानकारी देते हैं। फूड क्रिटिक बनने के लिए विशिष्ट शैक्षणिक योग्यता की जरूरत नहीं होती लेकिन बैचलर डिग्री होनी जरूरी है। बशर्ते आपमें खाने का स्वाद पहचानने, उसे बनाने का तरीका जानने और लिखने की कला होनी चाहिए।

## न्यूट्रीशनिस्ट

यदि आप फूड के बारे में वैज्ञानिक तौर पर काफी कुछ जानते हैं तो आप न्यूट्रीशनिस्ट बन सकते हैं। आपको यदि ज्यादा से ज्यादा फूड के बारें में जानकारी हैं कि कौन सा फूड कैसा असर करता है। मोटे होने के लिए क्या खाएं और पतले होने के लिए क्या खाएं। डायबीटिज में क्या खाना फायदेमंद है, हार्ट अटैक से बचने के लिए किन चीजों का सेवन करें या किन चीजों का ना करें, इस तरह की जानकारियां यदि आपकों अच्छी लगती हैं और आपकी इनमें गहरी रूचि है तो आप एक न्यूट्रीशनिस्ट के रूप में अपने कॅरियर को संवार सकतें है

## फूड स्टाइलिस्ट

जितना खाने मे टेस्ट का होना जरूरी है, उतना ही खाने का बेहतर और क्रिएटिव दिखना भी जरूरी है। खाने को परोस कर देने का तरीका भी खाने को बेहतर बनाता है। अगर आप में यह स्किल है कि आप किसी भी तरीके के खाने को अच्छी तरह से सजाकर लोगों को उसकी ओर आकर्षित कर सकतें है तो आप फूड स्टाइलिस्ट बन सकतें है। इसकी भी काफी डिमांड है क्योंकि आजकल फाइव स्टार होटल और रेस्तरां में इनकी खासी कमी है। फूड स्टाइलिस्ट बनने के लिए आपका क्रिएटिव होना काफी जरूरी है।

## कलिनरी ट्रेंडोलॉजिस्ट

सिर्फ फैशन की दुनिया में ही नहीं, बल्कि फूड इंडस्ट्री में भी ट्रेंड बदलते रहते हैं। कलिनरी ट्रेंडोलॉजिस्ट समय–समय पर फूड को लेकर ग्राहकों की बदलती पसंद या नापसंद की जानकारी अपने क्लाइंट तक पहुंचाते हैं। किस रेस्तरां में कौन–कौन से आइटम परोसे जा रहे हैं। किस रेस्तरां की किस खास चीज को लोग ज्यादा पसंद कर रहे हैं, ये सारी जानकारियां जुटाने का काम कलिनरी ट्रेंडोलॉजिस्ट का ही है। वे फूड इंडस्ट्री में होने वाले बदलावों को जानने के लिए फूड ब्लॉगर्स पर भी अपनी नजर बनाए रखते हैं।

### प्रमुख कोर्स

- केटरिंग टेक्नोलॉजी और कलिनरी ऑर्ट्स में बैचलर डिग्री
- फूड प्रोडक्शन में क्राफ्ट सर्टिफिकेट कोर्स
- फूड और बेवरेज सर्विस में डिप्लोमा
- बेकरी और कनफेक्शनरी में डिप्लोमा
- किचन मैनेजमेंट में डिप्लोमा
- गेस्ट सर्विस मैनेजमेंट में डिप्लोमा
- हाउसकीपिंग मैनेजमेंट में डिप्लोमा
- कलिनरी आर्ट्स में एडवांस डिप्लोमा
- कलिनरी आर्ट्स में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा
- हॉस्पिटैलिटी एडमिनिस्ट्रेशन में एमएससी
- डाइअटेटिक्स और फूड सर्विस मैनेजमेंट में एमएससी

## फूड फोटोग्राफर

जिन लोगो को खाना काफी पसंद है और वे कुछ क्रिएटिव करना चाहतें हैं तो वे इन चीजों के साथ फूड फोटोग्राफी भी कर सकते हैं। फूड फोटोग्राफी वर्तमान में एक अच्छा कॅरियर ऑप्शन बनकर सामने आया है, जिसकी ओर युवा काफी आकर्षित भी हैं। बतौर फूड फोटोग्राफर आप किसी भी रेस्तरां या मैगजीन के लिए काम कर सकते हैं।

## रेस्तरां प्रचारक

किसी रेस्तरां या होटल को फूड ब्लॉगर, मीडिया हाउसेस, मैगजीन या टीवी शो प्रोड्यूसर के माध्यम से आम लोगों के बीच लोकप्रिय बनाने की जिम्मेदारी रेस्तरां प्रचारक की होती है। इनका अहम मकसद ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों को अपनी रेस्तरां की तरफ आकर्षित करना है।






# स्कूल साइकोलॉजी की दुनिया में तराशें रोजगार

**आजकल कुछ स्कूलों में मनोवैज्ञानिक या परामर्शदाता की नियमित व्यवस्था की जाती है। यह व्यवस्था विद्यार्थियों और अध्यापकों दोनों के लिए महत्वपूर्ण साबित हुई है। मनोविज्ञान अपनी पूर्णता में एक ऐसा क्षेत्र है, जहां करियर से जुड़े अनेक विकल्प हैं। स्कूल साइकोलॉजी इसकी महत्वपूर्ण शाखाओं में एक है। स्कूलों में बढ़ते अपराधों को देखते हुए अब स्कूल साइकोलॉजिस्ट की मांग तेजी से बढ़ रही है।**

कूल साइकोलॉजिस्ट किसी भी स्कूल की टीम के मुख्य सदस्य होते हैं, जो शैक्षिक मनोविज्ञान, बाल मनोविज्ञान, नैदानिक मनोविज्ञान और सामुदायिक मनोविज्ञान के सिद्धांतो का पालन कर छात्रों में सीखने की क्षमता और अध्यापकों में सिखाने की क्षमता का विकास करते हैं। स्कूल मनोवैज्ञानिक बच्चों के भावनात्मक, व्यवहारिक, और शैक्षिक जरूरतों का अध्ययन कर उनकी समस्याओं का हल करने का हरसंभव प्रयास करते हैं। अगर आपकी रुचि बच्चों के मनोभाव को जानने और उनके डिप्रेशन को दूर करने की दिशा में है तो आप स्कूल साइकोलॉजिस्ट का कॅरियर चुन सकते हैं। आजकल बच्चे सबसे ज्यादा डिप्रेशन का शिकार होते हैं। यही वजह है कि इस क्षेत्र में कॅरियर की भरपूर संभावनाएं पैदा हो रही हैं। ऐसे में आप साइकोलॉजिकल काउंसलिंग करके बच्चों के भविष्य को खराब होने से बचा सकते हैं।

## स्कूल साइकोलॉजिस्ट के कार्य

- स्कूल मनोवैज्ञानिक बच्चों के विकास की विशेषताओं को समझने में शिक्षक की सहायता करता है।
- प्रत्येक छात्र विकास की कुछ निश्चित अवस्थाओं से गुजरता है जैसे शैशवास्था, बाल्यावस्था, किशोरावस्था और प्रौढ़ावस्था। विकास की दृष्टि से इन अवस्थाओं की विशिष्ट विशेषताएं होती हैं। यदि शिक्षक इन विभिन्न अवस्थाओं की विशेषताओं से परिचित होता है तो वह अपने छात्रों को भली प्रकार समझ सकता है और छात्रों को उसी प्रकार निर्देशन देकर उनको लक्ष्य प्राप्ति में सहायता कर सकता है। इस बारे में पूर्ण जानकारी भी स्कूल साइकोलॉजिस्ट ही टीचर को देता है।
- बच्चों के नेचर को जानने की कोशिश करता है।
- शिक्षा की प्रकृति एवं उद्देश्यों को समझने में सहायता प्रदान करता है।
- बच्चों की वृद्धि और विकास के बारे में शिक्षकों को ज्ञान देता है।



- बच्चों के अच्छे समायोजन में मदद करता है और कुसमायोजन से बचाता है।
- स्कूल मनोवैज्ञानिक कुछ खास बच्चों की समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी शिक्षक को देता है, जिससे शिक्षक उन बच्चों को अपनी क्लास में पहचान सकें और उनकी आवश्यकतानुसार मदद कर सकें। उनके लिए विशेष कक्षाओं का आयोजन कर सकें और फिर उन्हें परामर्श दे सकें।
- मानसिक रूप से स्वस्थ बच्चों के लक्षणों को पहचानना और ऐसा प्रयास करना कि उनकी इस स्वस्थता को बनाए रखा जा सके, यह कार्य भी स्कूल साइकोलॉजिस्ट का ही होता है।

## शैक्षणिक योग्यता

आप किसी भी विषय में इंटरमीडिएट पास करने के बाद साइकोलॉजी विषय में ग्रेजुएशन कर सकते हैं। आम तौर पर इसमें बैचलर ऑफ आर्ट्स यानी बीए की डिग्री दी जाती है लेकिन अगर आपने साइंस से इंटर पास किया है तो साइकोलॉजी में बीएससी ऑनर्स भी कर सकते हैं। फिर पोस्ट ग्रेजुएशन करने के बाद पीएचडी या एमफिल किया जा सकता है।

## कहां काम करते हैं स्कूल साइकोलॉजिस्ट

- पब्लिक और प्राइवेट स्कूल
- यूनिवर्सिटीज
- स्कूल आधारित स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य केंद्र
- कम्यूनिटी आधारित डे ट्रीटमेंट या आवासीय क्लीनिक और अस्पताल
- बाल न्याय केंद्र
- प्राइवेट प्रैक्टिस

## पर्सनल स्किल

- बेहतर कम्युनिकेशन स्किल
- धैर्य और सहजता
- सभी उम्र के लोगों के साथ काम करने की कला
- आत्मविश्वास
- क्लाइंट को संतुष्ट करने की योग्यता
- लोगों की मदद करने का पैशन
- काम के प्रति लगाव
- संवेदनशीलता
- सहानुभूति की भावना

## कहां से करें पढ़ाई

- लेडी श्रीराम कॉलेज फॉर विमन
- जीसस एंड मैरी कॉलेज
- प्रेसिडेंसी कॉलेज, चेन्नई
- क्रिस्ट यूनिवर्सिटी, क्रिस्ट कॉलेज
- सोफिया कॉलेज फॉर विमन
- कमला नेहरु कॉलेज फॉर विमन
- मिठिबाई कॉलेज ऑफ आर्ट्स
- यूनिवर्सिटी ऑफ कोलकाता
- बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी
- गार्गी कॉलेज
- जय हिंद कॉलेज
- जामिया मिलिया इस्लामिया
- ज्योति निवास कॉलेज
- विल्सन कॉलेज, मुंबई
- एमिटी यूनिवर्सिटी, जयपुर
- यूनिवर्सिटी ऑफ लखनऊ
- आशुतोष कॉलेज
- नेयानल डिग्री कॉलेज, जया नगर
- भीम राव अम्बेडकर कॉलेज



# प्रेजेंटेशन स्किल्स से मिलेगी कामयाबी

प्रेजेंटेशन में सामने वाले को बोर नहीं, बल्कि इंप्रेस करें। तब आपको कामयाबी मिलेगी। सबसे असरदार कंटेंट भी बिल्कुल बेअसर हो जाता है, जब प्रेजेंटर का स्टाइल उसके अनुरूप न हो। कई लोग प्रेजेंटेशन के दौरान नर्वस हो जाते हैं, जिसका असर उनके बोलने और बॉडी लैंग्वेज पर पड़ता है। यही कुछ रुकावटें हैं, जिन पर काबू पाना जरूरी होता है। आत्मविश्वास बढ़ने के साथ–साथ यह कमियां दूर हो जाती हैं और आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए अभ्यास, लचीलापन और अपने कंटेंट की गहरी जानकारी बेहद जरूरी होती है।

## कटेंट पर ध्यान दें

आपके पास पहले से रोचक, संपूर्ण और सबका ध्यान खींचने वाला कंटेंट होना चाहिए। साथ ही उस मैटेरियल को सबके सामने रखने का आत्मविश्वास भी जरूरी है। अपने माहौल की समझ के साथ–साथ आपको यह ध्यान रखना भी आवश्यक होता है कि आपके संदेश का असर अधिकाधिक लोगों तक पहुंचे। वहीं अपने कंटेंट को तैयार करना इस पर भी निर्भर करता है कि आप किस किस्म की प्रेजेंटेशन देने जा रहे हैं। फिर भी जरूरी है कि आप मुख्य बिंदुओं की पहचान कर लें। यह जरूरी नहीं होता कि प्रत्येक डिटेल श्रोताओं के सामने रखी जाए।

## स्टाइल पर ध्यान दें

प्रेजेंटर का स्टाइल ही एक अच्छे प्रेजेंटेशन के लिए जरूरी होता है। इसलिए अपनी स्टाइल और बात करने के तरीके पर खास ध्यान दें।

## पूरी जानकारी दें

बेहतर प्रेजेंटेशन दर्शकों को विषय के बारे में अतिरिक्त जानकारी देती है, इसलिए जरूरी है कि विषय की आउटलाइन से शुरुआत की जाए। श्रोताओं को बताएं कि आप क्या विषय उठाना चाहते हैं, ताकि उनकी अपेक्षाएं शुरू में ही स्पष्ट हो जाएं। इससे विषय के प्रति कौतुहल भी बना रहता है।

## उदाहरण से बनेगी बात

एक अन्य तथ्य यह है कि प्रेजेंटेशन की शुरुआत और अंत जोरदार तरीके से हो। यदि शुरुआत में आप श्रोताओं का ध्यान नहीं खींच पाते है तो यह आपके पक्ष में नहीं जाता। साथ ही बीच–बीच में रोचक उदाहरण देना भी जरूरी होते हैं।

## सुनने वाले के बारे में जानें

आपको सुनने वालों के बारे में सबसे पहले पता लगाना चाहिए कि वे कौन हैं? इसके बाद यह जानना जरूरी होता है कि प्रेजेंटेशन से वे क्या चाहते हैं? उनके लिए क्या सूचना नई होगी और क्या पुरानी? क्या उनकी कुछ विशेष जरूरतें हैं, जिनका आपको ध्यान रखना चाहिए? इसके लिए जरूरी है कि अपनी प्रेजन्टेशन की आउटलाइन आपको स्पष्ट हो। दरअसल, आपको सुनने वाले यदि संतुष्ट होते हैं तो समझिए कि आपकी प्रेजेंटेशन सफल रही।



# शासन में अनुकरणीय योगदान के लिए कर्मचारियों को दिए जाएंगे पुरस्कार : डीसी विक्रम सिंह

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार ने 'हरियाणा सुशासन पुरस्कार योजना 2024' अधिसूचित की है। इस योजना का उद्देश्य ऐसे कर्मचारियों को पुरस्कृत करके शासन में उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है, जिन्होंने अपने अभिनव कार्यों और असाधारण प्रयासों से प्रदेश में बेहतर शासन में योगदान दिया है। इस सम्बन्ध में मुख्य सचिव विवेक जोशी द्वारा एक अधिसूचना जारी की गई है, जो राज्य के सभी सरकारी विभागों, बोर्डों, निगमों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के कर्मचारियों कर्मचारियों पर लागू होगी। इस योजना के तहत राज्य सरकार ने प्रदेशभर में सुशासन को बढ़ावा देने में असाधारण प्रयासों को मान्यता देने के लिए विशिष्ट पुरस्कारों की रूपरेखा तैयार की है। उत्कृष्ट प्रदर्शन और नवाचार का प्रदर्शन करने वाली टीमों के लिए राज्य स्तर पर पुरस्कारों को फ्लैगशिप योजना पुरस्कार और राज्य-स्तरीय पुरस्कार में वर्गीकृत किया गया है।

डीसी ने कहा कि राज्य स्तरीय फ्लैगशिप योजना के तहत उन प्रमुख परियोजनाओं में शामिल टीमों को सम्मानित किया जाएगा, जिनसे शासन में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है। इन पुरस्कारों में हरियाणा के मुख्य सचिव द्वारा हस्ताक्षरित एक ट्रॉफी और प्रशंसा प्रमाण पत्र शामिल है, जिसे संबंधित प्रशासनिक सचिव के माध्यम से प्रत्येक सम्मानित कर्मचारी के सेवा रिकॉर्ड में जोड़ा जाएगा। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक फ्लैगशिप योजना के लिए 51,000 रुपये का नकद पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा। नकद पुरस्कार टीम के सभी सदस्यों में समान रूप से वितरित किया जाएगा, चाहे उनकी व्यक्तिगत रैंक या सथिति कुछ भी हो, ताकि टीम के भीतर प्रत्येक योगदानकर्ता के लिए उचित मान्यता सुनिश्चित हो सके। फ्लैगशिप योजना पुरस्कारों के साथ-साथ, विभिन्न शासन पहलों में उच्च प्रदर्शन करने वाली टीमों को राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इन पुरस्कारों में एक ट्रॉफी और प्रशंसा प्रमाण पत्र दिया जाएगा, जो सम्बनधित कर्मचारी के सेवा रिकॉर्ड में रखा जाएगा। राज्य स्तरीय पुरस्कारों के लिए नकद पुरस्कार की तीन श्रेणियां बनाई गई हैं। प्रथम



पुरस्कार के लिए 51,000 रुपये, दूसरे पुरस्कार के लिए 31,000 रुपये और तीसरे पुरस्कार के लिए 21,000 रुपये दिए जाएंगे। फ्लैगशिप योजना पुरस्कारों की तरह, ये नकद पुरस्कार भी विजेता टीम के सदस्यों में समान रूप से विभाजित किए जाएंगे, ताकि टीम वर्क और सामूहिक उपलबधि की भावना को बढ़ावा मिल सके।

इस योजना के तहत जिला स्तर पर, 'जिला-स्तरीय पुरस्कार' भी दिए जाएंगे, जो प्रत्येक जिले के उपायुक्त द्वारा प्रदान किए जाएंगे। प्रत्येक जिले में तीन श्रेणियों की टीमों को मान्यता दी जाएगी। इनमें प्रथम स्थान के लिए 31,000 रुपये, दूसरे स्थान के लिए 21,000 रुपये और तीसरे स्थान के लिए 11,000 रुपये के नकद पुरस्कार निर्धारित किए गए हैं। प्रत्येक पुरस्कृत टीम को संबंधित जिले के मंडल आयुक्त द्वारा हस्ताक्षरित एक ट्रॉफी और प्रशंसा प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा।

राज्य-स्तरीय फ्लैगशिप योजना पुरस्कार श्रेणी के तहत प्रमुख राज्य पहलों में असाधारण प्रदर्शन को मान्यता स्वरूप अधिकतम छः पुरस्कार दिए जाएंगे। इसी तरह, राज्य-स्तरीय पुरस्कारों में भी छः सम्मान शामिल होंगे। इसके तहत व्यक्तिगत राज्य-स्तरीय प्रदर्शन के लिए तीन पुरस्कार होंगे और प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान के लिए एक-एक पुरस्कार दिया जाएगा। निर्धारित मापदंडों के अनुसार शीर्ष तीन प्रदर्शन करने वाले जिलों के लिए तीन पुरस्कार निर्धारित किए जाएंगे। जिला स्तर पर, प्रत्येक जिला तीन पुरस्कारों के लिए पात्र होगा, जिसमें शासन संबंधी पहलों के लिए शीर्ष तीन स्थानों को मान्यता दी जाएगी। कर्मचारियों को अपने ऑनलाइन आवेदन haryana-goodgovernanceawards.haryana.gov.in पर पोर्टल के माध्यम से या दस्ती तौर पर 'सशक्त समिति' या 'जिला-स्तरीय सशक्त समिति' के पास जमा करवाने होंगे। इसके अतिरिक्त, कर्मचारी पोर्टल के माध्यम से या नियमित मेल द्वारा अपनी सफलता की कहानी की एक अग्रिम प्रति जमा करा सकते हैं। 'सशक्त समिति' और 'जिला स्तरीय सशक्त समिति' के पास आवेदन जमा करवाने की अंतिम तिथि 5 दिसंबर, 2024 है। राज्य स्तरीय फ्लैगशिप योजनाओं (सरकार द्वारा), राज्य स्तरीय पुरस्कार (सशक्त समिति द्वारा) और जिला स्तरीय पुरस्कार (जिला स्तरीय सशक्त समिति द्वारा) सहित पुरस्कारों के लिए अंतिम सिफारिशों को 10 दिसंबर, 2024 तक अंतिम रूप दिया जाएगा।

# भाजपा जिला अध्यक्ष वोहरा ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ देखी 'दा साबरमती रिपोर्ट'

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** गोधरा कांड पर बनी 'दा साबरमती रिपोर्ट' मूवी देखने के लिए पहुंचे जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने कहा कि पन्द्रह नवंबर को रिलीज हुई 'द साबरमती रिपोर्ट' के माध्यम से साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन में आग लगने की उस घटना के पीछे की सच्चाई को उजागर किया गया है, जिसमें 27 फ़रवरी 2002 को अयोध्या से एक धार्मिक समारोह में भाग लेने के बाद अयोध्या से गुजरात लौट रहे 59 कारसेवाओं की गोधरा स्टेशन पर ट्रेन में आग लगाकर निर्मम हत्या की गई थी। फिल्म दा साबरमती रिपोर्ट में दिखाया गया है कि कुछ गलत और छोटी सोच के लोगों की प्लानिंग के चलते कई लोगों को जान गंवानी पड़ी। ये बड़ी दुर्भाग्यपूर्ण घटना थी जिसको इस फिल्म के जरिए सच्चाई को सामने लाने की कोशिश की गई है। जो चीजें छुपी हुई थी, वो इस फिल्म के जरिए सामने आई। फरीदाबाद के पेबल डाउन टाउन मॉल स्थित पीवीआर थिएटर में जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा और हरियाणा के खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेश




नागर ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ दा साबरमती रिपोर्ट फिल्म देखी। फ़िल्म देखने के बाद हरियाणा सरकार में मंत्री राजेश नागर ने कहा कि यह फिल्म गुजरात के गोधरा कांड की सच्ची घटना पर आधारित है और न्याय की जीत को दर्शाती है। फिल्म निर्माताओं ने इस जटिल मुद्दे को बहुत ही संवेदनशीलता के साथ संभाला, और इस घटना के सभी पहलुओं को सही तरीके से प्रस्तुत किया है।

फ़िल्म में दिखाए गए दर्दनाक और मार्मिक दृश्य से भावुक होते हुए ज़िला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने कहा कि दा साबरमती एक्सप्रेस में हुआ गोधरा कांड दिल को झकझोरने वाला है। इस अमानवीय घटना में उस दौरान जो लोग मारे गए हैं, हम उन सभी नमन करते हैं। श्री वोहरा ने फिल्म की प्रोडक्शन टीम और इस फ़िल्म में किरदार निभाने वाले सभी कलाकारों की जमकर तारीफ़ की। इस अवसर पर उन्होंने सभी देशवासियों से इस फिल्म को देखने की अपील करते हुए कहा कि इस फिल्म को लोगों को जरूर देखना चाहिए।

इस अवसर पर जिला महामंत्री सुरेन्द्र जांगड़ा, मनोज वशिष्ठ, जिला उपाध्यक्ष वज़ीर सिंह डागर, सुखवीर मलेरना, जिला सचिव मुकेश अग्रवाल, जिला मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता, सह प्रभारी राज मदान, अजय डुडेजा, महिला मोर्चा महामंत्री अलका भाटिया, सीमा भारद्वाज, अनुसूचित जाति मोर्चा ज़िला अध्यक्ष गौरव चौहान, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष शोभित अरोड़ा, अल्पसंख्यक मोर्चा महामंत्री नरेन्द्र जैन, मंडल अध्यक्ष अमित आहूजा, गजेंद्र वैष्णव, गिरिराज त्यागी, विवेक मिश्रा, कैलाश वशिष्ठ, रजत जयसवाल, जितांशु चावला, भवनिश कुमार एवं सैंकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपसथित रहे।

# जनहित सेवा संस्था ने दिव्यांग बच्चों को सम्मानित किया

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** राजकीय कन्या मॉडल संस्कृति विद्यालय बल्लभगढ़ के प्रांगण में विश्व दिव्यांग दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सामाजिक संस्था जनहित सेवा संस्था के प्रधान संत सिंह हुड्डा एवं विद्यालय के प्राचार्य छत्रपाल, रोहित कुमार, दिव्यांग अध्यापिका सरला एवं अमर ज्योति, गोबिंद राम, बिजेंद्र ने दीप प्रज्वलित प्रज्वलित कर किया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संत सिंह हुड्डा को सरला, अमर ज्योति, गोबिंद राम ने पौधा भेंटकर का अभिनंदन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संत सिंह हुड्डा ने कहा कि हमारे देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एवं हमारी हरियाणा सरकार ने दिव्यांगों के लिए अनेक लाभकारी योजनाएं चला रखी है। दिव्यांग बच्चे भी किसी से कम नहीं है। कार्यक्रम का मंच संचालन दिव्यांग अध्यापिका अमर ज्योति ने किया। कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया कि दिव्यांग बच्चे भी किसी से कम नहीं है। इस अवसर पर संस्था के प्रधान संत सिहं हुड्डा ने अपनी नेक कमाई से सभी दिव्यांग बच्चों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्राचार्य छत्रपाल, प्रवक्ता रोहित कुमार, सोनिया, सरिता, दिव्यांग अध्यापिका सरला, अमर ज्योति, गोविंद राम, बिजेंद्र सिंह एवं विद्यालय के सभी अध्यापक गण अहम भूमिका निभाई व सहयोग किया।

# प्रेमी के साथ मिलकर पत्नी ने की पति की हत्या, दोनों को पुलिस ने किया गिरफ्तार




**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** पुलिस चौकी टाउन नम्बर-3 में बलबीर गांव महगांव मुरेना मध्य प्रदेश ने शिकायत में बतलाया कि उसके छोटा विजय (40) पत्नी रेखा व अपनी तीन बेटियों के साथ सुलभ शौचालय पार्क चिमनी बाई चौक के पास NIT FBD मे झुग्गी मे रहता था और सुलभ शौचालय मे सफाई का काम करता था। विजय की पत्नी रेखा का मौहम्मद अब्दुला नाम के व्यक्ति से नाजायज संबध थे। मृतक की उसकी पत्नी रेखा व मौहम्मद अब्दुला गांव चिरावक जिला बुलंदशहर उत्तर प्रदेश से इस बारे में कई बार भैंस भी हुई थी और विजय ने उन दोनों को समझाया भी था। 1/2 दिसम्बर की रात को अब्दुला समय करीब 1/2 बजे रेखा से मिलने के लिए आया, जिसने झुग्गी का दरवाजा खट-खटाया और रेखा ने दरवाजा खोल दिया। इसके उपरांत रेखा व आरोपी ने मिलकर विजय का तकिया से मुह दबा कर मार दिया था। जिस पर शिकायत पर थाना स्र्रू नगर में हत्या की धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस चौकी टीम ने आरोपी अब्दुला तथा महिला आरोपी रेखा गिरफ्तार किया है। आरोपी अब्दुला (40) ने पूछताछ में बताया कि वह ऑनलाई फास्ट फुड स्पलाई करने की दुकान पर पिछले 3/4 साल से डिलीवरी बॉय का काम करता है। जिसके दौरान पिछले करीब 8 महिने से रेखा को जानता है और उसके साथ दोस्ती है। अभी कुछ दिन पहले रेखा ने उसको बताया कि विजय ने उसके साथ मार-पीट की है। जिसको लेकर 1/2 दिसम्बर की रात को करीब 1-2 बजे अब्दुला रेखा के पास विजय की झुग्गी में आया और वहीं पर दोनों ने विजय को मारने की योजना बनाई। आरोपी अब्दुला ने तकिया से विजय का मुंह दबाया तथा महिला आरोपी ने पैर दबाए। पूछताछ के बाद आरोपी महिला को जेल भेजा गया तथा आरोपी अब्दुला को पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा।

# हर बेटी की परेशानी समझते हुए समाधान सुनिश्चित कर रहा है आयोग : रेणू भाटिया



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणू भाटिया ने कहा कि महिलाओं के अधिकारों के लिए आयोग पूरी तरह से सजग है और किसी भी रूप से महिला अत्याचार को सहन नहीं किया जा रहा है। हर बेटी की परेशानी को समझते हुए उसका समाधान सुनिश्चित करने में आयोग अपनी सक्रिय भूमिका अदा कर रहा है। श्रीमती भाटिया मंगलवार को फरीदाबाद लघु सचिवालय सभागार में फरीदाबाद जिला के महिलाओं से संबंधित आयोग के समक्ष आए मामलों की सुनवाई कर रही थी। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों की सुनवाई के साथ ही न्यायोचित कार्यवाही आयोग की ओर से की जा रही है। मंगलवार को फरीदाबाद जिला के करीब 14 मामले आयोग की सुनवाई के दौरान रखे गए जिनमें से अधिकांश का समाधान चेयरपर्सन रेणू भाटिया द्वारा किया गया। सुनवाई के उपरांत राहत मिलने पर शिकायतकर्ताओं ने आयोग की कार्यशैली की सराहना की।

परिवादों की सुनवाई करने उपरांत चेयरपर्सन रेणू भाटिया ने कहा कि बदलते परिवेश में आपसी रिश्ते छोटी-छोटी बातों से विघटित होते हैं और महिला और अथवा पुरुष दोनों में बर्दाश्त की कमी भी आपसी कलह का प्रमुख कारण बनती है। ऐसे में पूरा सामंजस्य रखते हुए छोटी बातों को दरकिनार करते हुए सकारात्मक सोच को जागृत कर परिवार को विघटित होने से रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि महिला आयोग प्रदेश भर में बेटियों को उनके अधिकारों को दिलाने के लिए कृतसंकल्प है और किसी भी रूप से बेटियों व महिलाओं के साथ अन्याय न हो इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ताओं की सुविधा के लिए वे स्वयं जिला स्तर पर पहुंचकर परिवादों का निपटान कर रही हैं जिससे पीड़ितों को समय पर न्याय भी मिल रहा है। सुनवाई के दौरान मीडिया से रूबरू होते हुए जींद के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक के मामले में उन्होंने कहा कि इस विषय को लेकर आयोग गंभीर है और एसआईटी की रिपोर्ट आने के साथ ही न्यायोचित कार्रवाई करने में आयोग संजीदगी बरतेगा।

**बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता की जगाई अलख :**

परिवादों की सुनवाई के दौरान हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणू भाटिया ने उपसथित अधिकारियों व आमजन के साथ बाल विवाह के खिलाफ एकजुट होकर समाज में आगे बढ़ने की संकल्प लिया। उन्होंने बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता की अलख जगाते हुए कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई और कानून का उल्लंघन है, जो बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और विकास में बाधक है। ऐसे में बेटियों के समपने को साकार करने से रोकने का हक किसी को नहीं दिया जा सकता। उन्होंने सभी को शपथ दिलाई कि वे बाल विवाह रोकने के खिलाफ हर संभव प्रयास करेंगे और वे स्वयं सहित अपने पड़ौस, रिश्तेदार व समुदाय में किसी बालिका का बाल विवाह नहीं होने देंगे। साथ ही यदि कोई इस प्रकार का कदम उठाता है तो उसकी सूचना संबंधित पंचायत, जिला प्रशासन व सरकार को देंगे। उन्होंने संकल्प दिलाया कि आओ सभी मिलकर बच्चों की शिक्षा व सुरक्षा के लिए अपनी आवाज को बुलंद करें और बाल विवाह मुक्त भारत बनाने में अपनी भागीदारी निभाएं। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी मीनाक्षी चौधरी, बाल संरक्षण अधिकारी हेमा कौशिक सहित अन्य संबंधित पुलिस अधिकारीगण मौजूद रहे।

# खिलाड़ियों के लिए सुविधा, कैश अवार्ड के लिए अब ऑनलाइन आवेदन प्रणाली शुरू

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिला उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया प्रदेश सरकार द्वारा खेल एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए नकद पुरस्कार दिया जाता है। इसके तहत मान्यता प्राप्त राज्य, राष्ट्रीय, ओलंपिक, राष्ट्रमंडल खेलों, एशियन गेम्स सहित अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नगद पुरस्कार दिया जाता है। उन्होंने बताया कि खिलाड़ी अब कैश अवार्ड के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन कर दी गई है व खेल विभाग के पोर्टल के माध्यम से ही आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। इससे पूर्व यह प्रक्रिया ऑफलाइन थी और खिलाड़ियों को खेल विभाग में आवेदन करना होता था, जिस कारण कई बार जानकारी के अभाव में कुछ खिलाड़ी आवेदन से वंचित रह जाते थे।

जिला खेल अधिकारी मनोज शर्मा ने बताया कि उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा के दिशा-निर्देशन में खेल विभाग की विभिन्न योजनाओं को जिले में प्रभावी तरीके से लागू किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि खेल विभाग की तरफ से कैश अवार्ड प्रक्रिया को ऑनलाइन किया गया है व पूरे वर्ष पोर्टल खुला रहेगा। खिलाड़ी 1 अप्रैल 2024 व उसके बाद की प्रतियोगिताओं के लिए पोर्टल के द्वारा आवेदन कर सकते हैं। कोई भी पदक विजेता खिलाड़ी प्रमाणपत्र आने के बाद में इस राशि के लिए आवेदन कर सकता है। ऑनलाइन प्रक्रिया आने से जहां खिलाड़ियों का समय बचेगा वहीं जिला कार्यालय के चक्कर लगाने से भी निजात मिलेगी। उन्होंने बताया कि विभाग के पोर्टल http://haryanakhel-cashaward.in पर नाम कैश अवार्ड मैनेजमेंट सिस्टम का विकल्प चयन करना होगा। खिलाड़ी प्रतियोगिता समाप्त होने उपरांत ही नकद इनाम हेतु ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। प्रदेश सरकार द्वारा खेल एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए नगद पुरस्कार दिया जाता है।

# आमजन शीतलहर व ठंड से बचाव के लिए जिला प्रशासन द्वारा जारी एडवाइजरी की करें पालना : डीसी

## डीसी ने की आमजन से शीतलहर के मद्देनजर सावधानी बरतने की अपील

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने शीत लहर के चलते शीत-घात से बचाव को लेकर जिला प्रशासन ने सरकार के निर्देशानुसार विशेष एडवाइजरी जारी की है। डीसी ने आम नागरिकों से शीतलहर व सर्दी से बचाव के लिए सावधानी बरतने की अपील भी की है। इन दिनों जिले में शीतलहर चल रही है। इसी के मद्देनजर डीसी विक्रम ने कहा कि हम थोड़ी सी सावधानी बरतकर शीत घात से बच सकते हैं। इसलिए सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार जिला प्रशासन ने एडवाइजरी जारी कर नागरिकों से विशेष सावधानी बरतने की अपील करते हुए कहा कि शीत लहर से बचाव के लिए इन बातों की पालना जरूर करें। उन्होंने कहा कि शीत-घात से बचने के लिए मौसम पूर्वानुमान के लिए रेडियो/ टीवी/ समाचार पत्र जैसे सभी मीडिया प्रकाशन का ध्यान रखें ताकि यह पता चल सके कि आगामी दिनों में शीत लहर की संभावना है या नहीं। सर्दियों लिए पर्याप्त कपड़ों का स्टॉक करें। घर में ठंडी हवा के प्रवेश रोकने के लिए दरवाजों तथा खिड़कियों को ठीक से बंद रखें। फ्लू, नॉक बहना/ भरी नाक या नाक बंद जैसी विभिन्न बीमारियों की संभावना आमतौर पर ठंड में लंबे समय तक संपर्क में रहने के कारण होती हैं। इसलिए इस तरह के लक्षणों से बचाव के लिए आवश्यक सावधानी बरतें तथा स्थानीय स्वास्थ्य कर्मियों या डॉक्टर से परामर्श करें। जितना हो सके घर के अंदर रहें और ठंडी हवा, बारिश, बर्फ के संपर्क में आने से बचने के लिए कम से कम यात्रा करें। ऐसे गर्म कपड़े पहनें ताकि ठंड बिल्कुल न लगे। तंग कपडे खून के बहाव को रोकते हैं, इनसे बचें। खुद को सूखा रखें और पानी में भीगने से बचें। शरीर की गरमाहट बनाये रखने हेतु अपने सिर, गर्दन, हाथ और पैर की उंगलियों को पर्याप्त रूप से ढककर



रखें। गीले कपड़े तुरंत बदलें। हाथों में दस्ताने रखें। फेफड़ों को बचाने के लिए मास्क का प्रयोग करें। सिर पर टोपी या मफलर पहने, स्वास्थ्य वर्धक भोजन लें। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार पर्याप्त रोग प्रतिरोधक क्षमता बनाए रखने के लिए विटामिन सी से भरपूर फल और सब्जियां खाएं। गर्म तरल पदार्थ नियमित रूप से पीएं, इससे ठंड से लडने् के लिए शरीर की गर्मी बनी रहेगी। बुजुर्ग लोगों, नवजात शिशुओं तथा बच्चों का विशेष ध्यान रखें एवं ऐसे पडोसी जो अकेले रहते हैं, विशेषकर बुजुर्ग लोगों का हाल चाल पूछते रहें। जरूरत के अनुसार ही रूम हीटर का प्रयोग करें, लेकिन रूम हीटर के प्रयोग के दौरान पर्याप्त हवा निकासी का प्रबंध रखें। बंद कमरों में कोयले को जलाना खतरनाक हो सकता है। क्योंकि यह कार्बन मोनोऑक्साइड जैसी जहरीली गैस पैदा करती है। शराब का सेवन न करें, यह शरीर की गर्माहट को कम करता है, यह खून की नसों को पतला कर देता है, विशेषकर हाथों से जिसमें हाइपोथर्मिया का खतरा बढ़ जाता है।

शीत लहर के दौरान पशुओं और पशुधन को जीवन यापन के लिए अधिक भोजन की आवश्यकता होती है क्योंकि ऊर्जा की आवश्यकता बढ़ जाती है। रात के समय पशुओं के आवास को सभी तरफ से ढक दें ताकि ठंडी हवाओं के सीधे संपर्क में आने से बचा जा सके। पशुधन और मुर्गी को ठंड के मौसम से बचाने और ढकने के लिए उन्हें अंदर रखें। चारा खाने, खिलाने और चबाने के व्यवहार पर वसा की खुराक-केंद्रित अनुपात प्रदान करें। सर्दियों के दौरान पशुओं के नीचे सूखे भूसे जैसी कुछ बिस्तर सामग्री डालें। पोल्ट्री में, पोल्ट्री शेड में कृत्रिम प्रकाश प्रदान करके चूजों को गर्म रखें। शीत लहर के दौरान जानवरों को खुले क्षेत्र में न छोड़ें। जानवरों को ठंडा चारा और ठंडा पानी देने से बचें। पशु आश्रय में नमी और धुएं से बचें।

## संपादकीय

# क्यों दिल्ली ही बार-बार करते हैं किसान चढ़ाई?

अन्नदाताओं की समस्याओं का समाधान आखिर कब होगा? क्या उनकी मांगे भविष्य में कभी पूरी हो भी पाएंगी या नहीं? केंद्र में सरकार चाहे कांग्रेस की हो या भाजपा की, हर दौर में यही सब कुछ देखने को मिलता है। कमोबेस, सरकारों का रवैया सदैव एक जैसा ही रहता है। इसलिए एकाएक किसी सरकार को दोषी ठहराना किसी टिप्पणीकार के लिए बेईमानी सा होता है। किसान आंदोलनों से जो समस्याएं उपजती हैं, उसका खामियाजा सिर्फ और सिर्फ आमजन ही भुगतते हैं। समस्याएं किस कदर पनपती हैं इस ओर शायद किसी का भी ध्यान नहीं जाता। मरीज, छात्र, राहगीर, दैनिक कर्मी तो बेहाल होते ही हैं, रोजमर्रा के क्रियाकलाप भी रुक जाते हैं। दो दिसंबर को भी यही हुआ, जब किसान उत्तर प्रदेश के एक छोर से चले, तो सड़कों पर दौड़ने वाले तेज वाहनों के पहिए थम गए। क्या मरीज, क्या नौकरीपेशा, सभी के पैर अपने जगह रूक गए।



**नरवीर यादव**
**कार्यकारी संपादक**

दरअसल, अपनी विभिन्न मांगों को लेकर किसान संगठनों ने एक बार फिर दिल्ली पर चढ़ाई करने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि ऐसा करने से उन्हें बलपूर्वक बॉर्डरों पर ही रोका गया है। पर, हालात दिल्ली-एनसीआर के एक बार फिर बिगड़ते दिखाई पड़ने लगे हैं। इस दफे भी किसानों के तेवर उग्र दिख रहे हैं। अन्नदाता लंबा आंदोलन करने के मूड़ में दिखाई पड़ते हैं। इतना तय है, अगर उनकी समस्याओं का समाधान समय रहते नहीं हुआ, तो हालात पिछले किसान आंदोलन जैसे बनने में वक्त नहीं लगेगा। किसान केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार को बीते एक महीने से अल्टीमेटम दे रहे थे कि उनकी मांगे मानी जाएं, उनसे बात करे कोई जिम्मेदार व्यक्ति, जिससे दोनों पक्ष बैठकर कोई हल निकाल सकें। लेकिन उनकी बातों को हुकूमती स्तर पर एक बार भी अनसुना और अनदेखा किया गया।

दिल्ली पहुंचने के लिए गौतमबुद्ध नगर से करीब 50,000 से अधिक किसान सोमवार सुबह यानी दो तारीख को नोएडा महामाया फ्लाईओवर के पास एकत्रित हुए, फिर उन्होंने दिल्ली कूच का प्लान किया, हालांकि तत्काल रूप से तो पुलिस ने उनकी योजना को विफल कर दिया है। लेकिन किसान बॉर्डर पर ही डटे हुए हैं, वह किसी भी सूरत में दिल्ली पहुंचना चाहते हैं। उनको लगता है संसद का शीत सत्र चालू है। पूरी हुकूमती मशीनरी इस समय एक साथ है, उनकी बातें आसानी से पहुंच सकती है। पर, ऐसा होता दिख नहीं रहा। केंद्र सरकार इतनी आसानी से सबकुछ मान लेगी, ऐसा भी दिखाई नहीं पड़ता। इसलिए किसान भी काफी उग्र हैं। अपने साथ लंबे आंदोलन को करने के लिए तामझाम लेकर पहुंच हैं। राशन, टैक्टर, मोटरसाइकिल, गैस सिलेंडर, तंबू आदि है उनके पास।

किसानों ने दिल्ली मार्च का प्लान अचानक से ही बनाया। पहले की प्री-प्लान नहीं थी। क्योंकि किसान अपनी विभिन्न मांगो को लेकर नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण पर पिछले कुछ दिनों से धरनागत थे। उनकी प्रमुख मांगे हैं, उन्हें ज़मीन के बदले 10 पर्सेंट निर्मित प्लॉट और 64 पर्सेंट बढ़ा हुआ जमीन का शेष मुआवज़ा दिया जाए। साथ ही जितने किसान जमीन छिन जाने से भूमिहीन हुए हैं, उनके परिवार के बच्चों को केंद्र सरकार और राज्य सरकार कोई न कोई रोजगार जैसी वैकपलिक व्यवस्थाएं की जाएं, इसके अलावा एमएसपी गारंटी कानून लागू करें। फसलों की कीमतें डबर हों, खाद, बीज व कीटनाशक दवाईयों के रेट कम किए जाएं जैसी पुरानी मांगे भी उनकी बरकरार हैं। इस वक्त मंड़ियों में धान की खरीद में जो घटतौली हो रही है उसे तुरंत रोका जाए। ये मांगे ऐसी जिसे शायद ही सरकारें मांगे।

प्रतीत ऐसा होता है कि ये किसान मूवमेंट भी बडा रूप ले सकता है। अभी तक गनीमत ये समझी जाए, इस मोर्चे में सिर्फ दर्जन भर ही किसान संगठन शामिल हुए हैं। हालांकि बाहर से करीब सौ से ज्यादा किसान संगठनों का समर्थन प्राप्त है। मोर्चे को रोकने को अगर कोई जल्द विकल्प नहीं निकाला गया, तो अन्य किसान संगठन भी कूदने में देर नहीं करेंगे। हालांकि सोमवार को किसान मोर्चे को देखते हुए नोएडा ट्रैफ़िक पुलिस और दिल्ली पुलिस की ओर से एडवाइजरी की गई जिसमें कालिंदी कुंज बॉर्डर, यमुना एक्सप्रेस-वे और डीएनडी बॉर्डर से बचने की लोगों को सलाह दी गई, क्योंकि इन जगहों पर मोर्चे का असर व्यापक रूप से देखने को मिला। लोग अनचाई परेशानी से जूझते दिखाई पड़े, स्कूली बच्चों भी जाम में फंसे रहे, एमबूलेंस भी नहीं निकल पाईं। नौकरीपेशा समय से अपने कार्यालयों में नहीं पहुंच पाए। ये हालात ऐसे ही बने रहेंगे, जब तक ये मूवमेंट चलता रहेगा। किसान मूवमेंट शुरू होने के कुछ घंटों बाद ही राजनीति भी आरंभ हो गई। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने अपना समर्थन दे दिया। कांग्रेस ने कहा दिल्ली बॉर्डर पर बैरिकेडिंग, वाटर कैनन, दंगा नियंत्रण गाड़ियां और अमित शाह की पूरी पुलिस तैनात की गई। ऐसा प्रतीत होता है जैसे की उनको किसी आंतकवादी को रोकना या पकड़ना हो? किसान भूमि अधिग्रहण का उचित मुआवज़ा और फसल के सही दाम की मांग लेकर दिल्ली आकर सोती सरकार को जगाना चाहते हैं इसमें बुरा क्या है? वहीं, आम आदमी पार्टी की ओर से बयान आया जिसमें कहा गया कि राष्ट्र की राजधानी किसी की बपौती तो है नहीं? फिर किसान क्यों नहीं आ सकते? प्रधानमंत्री पर भी उन्होंने हमला किया। बोले, किसानों पर बर्बरता के नए आयाम रच रहे हैं प्रधानमंत्री। उनके दिल में अन्नदाताओं के लिए रत्ती भर सम्मान नहीं है। कांग्रेस का मानना है कि किसान अपनी जायज मांगों को लेकर दिल्ली आना चाहते हैं, उन्हें आने देना चाहिए, उनपर वाटर कैनन का प्रयोग करना गलत है। दरअसल, ऐसे मौकों पर विपक्ष का बिना सोचे समझे कूद पड़ना, 'आग में घी डालने' का काम कर जाता है। जबकि, उन्हें केंद्र सरकार पर दबाव बनाकर विकल्प और समाधान की ओर ध्यानाकर्षण करवाना चाहिए। ताकि सरकार आंदोलनकारियों से बात करने पर विवश हो? पर, दुर्भाग्य ऐसा हो नहीं पाता और न ही विपक्ष ऐसा प्रयास करता है।

# 'क्लेक्टर रेट' में बढ़ौतरी होने के बाद जमीन के खरीददरों की जेब पर पडेगा 10 से 30 फीसदी तक अतिरिक्त भार

**कनीना तहसील में मंगलवार से किया जाने लगा नयी दर से भूमि का पंजीकरण**

**कृषि, आवासीय, भूड, बरानी, बंजर तथा व्यवसायिक जमींन के रेट बढे**



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** जमींन के 'क्लेक्टर रेट' रिवाईज होने से अब खरीददार की जेब पर पहले से अधिक बोझ पडेगा। कनीना तहसील के अंतर्गत सभी गावों में जमींन के क्लेक्टर रेट में 10 से 30 फीसदी तक की बढौतरी की गई है। सोमवार को जिला कलेक्टर से मंजूरी मिलने के बाद मंगलवार से होने वाली जमींन का पंजीकरण नयी दर के आधार पर होगा। कनीना तहसील में कार्यरत नायब तहसीलदार दलबीर सिंह दुग्गल ने बताया कि कनीना को छोडकर, तहसील के तहत कमोबेश सभी गावों में अप्रोच रोड पर कृषि योगय चाही की भूमि की नयी दर 4840000, मेन रोड अटेली, दादरी, कोसली पर 605000,मेन रोड केनीना, महेंद्रगढ, रेवाडी पर 8800000, नहरी आधारित 2090000, बंजर, भूड, बरानी 187000 तथा आवासीय 2200 रूपये वर्ग गज तथा व्यवसायिक 7150 रूपये प्रति वर्ग गज तथा मेन रोड पर आवासीय 6600 रूपये वर्ग गज तथा व्यवसायिक 11000 रूपये प्रति वर्ग गज के रेट निर्धारित किए गए हैं।

कनीना में रेवाडी रोड पर चाही की जमींन 8800000 रूपये प्रति एकड, गाहडा एवं कोसली रोड पर 6050000 रूपये प्रति एकड, नहरी, चाही, भूड, बरानी, बंजर 5830000 रूपये एकड के अलावा निवासीय 7200 रूपये वर्ग गज, व्यवसायिक 33350 रूपये वर्ग गज, कनीना मंडी,कोसली-गाहडा रोड पर आवासीय 6600 रूपये वर्ग गज तथा व्यवसायिक 31900 रूपये वर्ग गज के कलेक्टर रेट तय किये गए हैं। नयी दरें निर्धारित करने के बाद प्रदेश सरकार के राजस्व में बढौतरी होगी वहीं दूसरी ओर जमींन के रेट में बढौतरी होने के बाद गरीब व्यक्तियों के लिए भू-खंड खरीदना एक सपने जैसा हो गया है। नायब तहसीलदार ने बताया कि तहसील के गांव मुंडिया खेडा, अगिहार, ईसराना, उच्चत, उन्हाणी, ककराला, कनीना-1, कनीना-2, कपूरी, करीरा, कलवाडी, केमला, कोका, कोटिया, खरकडाबास, खेडी, खैराना,गाहडा, गुढा, गोमला, गोमली, चेलावास, छितरोली, झाडली, झिगावन, ढाणा, तलवाना, दोंगडा अहीर, दोंगडा जाट, धनौंदा, नांगल, नोताना, पडतल, पाथेडा, पोता, बागोत, बेवल, भडफ, भोजावास, मानपुरा, मोडी, मोहनपुर, रसूलपुर, रामबास, सिहोर, सुंदरह, सेहलंग, स्याणा के 'क्लेक्टर रेट' रिवाईज किए गए हैं। मंगलवार से नयी दर के अनुसार भूमि का पंजीकरण होगा।

# मंगलवार को आयोजित समाधान शिविर में प्राप्त हुई पांच शिकायत : एडीसी प्रदीप सिंह

**जिला स्तर पर आने वाली शिकायतों की सुनवाई के लिए अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश**




**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** आम जनमानस की समस्याओं को दूर करने के उद्देश्य से लगाए जा रहे समाधान शिविरों में अपनी समस्या लेकर आने वाले लोगों की परेशानियों को जिला प्रशासन के विभागीय अधिकारी पूरी तत्परता के साथ दूर कर रहे हैं। समाधान शिविर में रखी जाने वाली एक-एक समस्या के समाधान पर जिला प्रशासन का पूरा फोकस है। लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित हुए समाधान शिविर में अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह ने आमजन की शिकायतें सुनते हुए उनका प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाया।

मंगलवार को जिला में कुल 5 शिकायतें आई, जिनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि पूरा प्रशासन आपसी सामंजस्य के साथ शिकायतों का समाधान कर रहा है। शिविर को लेकर नागरिकों का रूझान बढ़ा है तथा नागरिक अपनी अर्जी लेकर उनका समाधान करवाने के लिए समाधान शिविर में पहुंच रहे हैं।

एडीसी ने कहा कि समाधान शिविर में आने वाले नागरिकों की शिकायतों के प्राथमिकता के आधार पर त्वरित समाधान को लेकर जिला प्रशासन सजगता से कार्य कर रहा है। समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करते हुए नागरिकों को राहत प्रदान करने में पूरा प्रशासन तालमेल के साथ काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशों पर जिला प्रशासन द्वारा जिला मुख्यालय व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविरों का प्रत्येक कार्यदिवस के दिन आयोजन किया जा रहा है।

नागरिक अपनी शिकायतों को लेकर समाधान शिविरों में निरंतर पहुंच रहे हैं। जिला स्तर पर भी शिकायतों की सुनवाई की जाती है और अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए जाते है। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा की नागरिकों को अपनी समस्या रखने में किसी प्रकार की समस्या ना आए और उन्हें चक्कर ना काटने पड़े इसलिए नागरिक संबंधित उपमंडल स्तर पर लगने वाले समाधान शिविर में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक पहुंचकर अपनी समस्या रख सकते हैं। इस अवसर नगराधीश अशोक कुमार, डीएसपी अजायब सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# रैडक्रॉस के स्वयं सेवक होते हैं मानवता के प्रतीक : परमजीत चहल

**जूनियर रैड क्रॉस शिविर में विश्व दिव्यांग दिवस मनाया गया**



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिला उपायुक्त कम अध्यक्ष जिला रैड क्रॉस सोसायटी नूंह विश्राम कुमार मीणा तथा सचिव महेश गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी विद्यालय, नूंह 01 के प्रांगण में जिला रैड क्रॉस क्रॉस सोसाइटी नूह द्वारा आयोजित जिला स्तरीय जूनियर रैड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन की शुरुआत रैड क्रॉस प्रार्थना से को गई। शिविर के दूसरे दिन का विधिवत शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी परमजीत चहल ने रैड क्रॉस झंडा फहराते हुए किया तदोपरांत रैड क्रॉस सोसायटी के संस्थापक सर जीन हैनरी ड्यूना की फोटो पर पुष्प अर्पित करते हुए किया।

उन्होंने जागरूक करते हुए बताया कि रैड क्रॉस संस्था एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है जो स्वास्थय -सेवा-मित्रता के साथ-साथ मानवता, भेदभाव रहित, सार्वभौमिकता, स्वतंत्र, निष्पक्षता, तटस्थता, एकता, स्वेच्छिक सेवाभाव से तत्पर आमजन में जागरूकता के भाव जगाती है। रैड क्रॉस के स्वयं सेवकों को रक्तदान, दिव्यांगों की सेवा एवम समाज हर व्यक्ति की सेवा में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।

उसके उपरांत उपकार मंडल सोसायटी हसनपुर के समाज सेवी बिक्रम सिंह यात्री ने प्रतिभागियों को वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान एवम नैतिक शिक्षा बारे जागरूक किया। जिला स्वास्थ्य विभाग से डॉ विमलेश तिवारी, डॉ जितेंद्र, डॉ मुकेश कुमार एवम डॉ असलम ने सभी फैलने वाली बीमारियों, मलेरिया, डेंगू, के बचाव एवम मानसिक तनाव से बचने के तरीके समझाए। जिला रैड क्रॉस सोसाइटी नूंह के जिला प्रशिक्षण अधिकारी महेश मलिक ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद किया तथा रैड क्रॉस की शपथ दिलाई। उन्होंने बताया की शिविर के प्रतिभागियों ने विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांगता अभिशाप नहीं है तथा रक्तदान जीवन दान विषयों पर ड्रॉइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस समारोह का मंच संचालन पिंकी अध्यापिका ने मंच संचालन किया। संयोजक ओम सिंह गहलौत ने सभी प्रतिभागियों के विद्यालयों के प्रधानाचार्यों का धन्यवाद किया। शिविर के प्रथम दिन के सफल आयोजन में विभिन्न विद्यालयों के अध्यापकों, मेजबान विद्यालय की अध्यापिका उषा कुमारी, जिला रैडक्रॉस सोसाइटी के आजीवन सदस्य राजकुमार प्रजापति, सुनील जैन, नरेश कुमार, नितिन कुमार, अक्षय गुप्ता, नितिन कुमार, रामलाल आदि का अहम योगदान रहा।

# सगाई तुडवाने के आरोप में व्यक्ति से मारपीट कर घायल किया

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** लडके का रिश्ता तुडवाने के आरोप में समीपवर्ती गांव के एक व्यक्ति को मारपीट कर घायल कर दिया। जिसका बहरोड के अस्पाल में ईलाज चल रहा है। घायल व्यक्ति की शिकायत पर कनीना शहर थाना पुलिस ने 4 व्यक्तियों के विरूध केस दर्ज कर लिया है। इस बारे में चेलावास निवासी राजबीर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह भारतीय सेना से सेवानिवृत है तथा घर पर रहता है। 30 नवंबर को सुबह 9 बजे जब वह अपने घर बैठा हुआ था तब उसका भाई सुखबीर, नरेंद्र, कौशल व सुनिता आए ओर नरेंद्र की सगाई तुडवाने का आरोप लगाते हुए उसे कमरे में ले गए जहां उन्होंने लात-घूसों से मारपीट की। वह किसी तरह से छुडाकर गलि में दौडा तो पुन: पकड लिया और घर लाकर मारपीट करते हुए धमकी दी। घायल राजबीर ने 112 नम्बर डायल कर पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी। परिजनों ने घायल को उप नागरिक अस्पताल कनीना में दाखिल कराया वहां से नारनौल के बाद बहरोड दाखिल कराया जहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस ने राजबीर की शिकायत पर सुखबीर, नरेंद्र, कौशल व सुनिता के विरूध बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# ब्राह्मण सभा द्वारा 8 को आयोजित किया जाएगा चिकित्सा शिविर

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** आगामी 8 दिसंबर रविवार को ब्रा्रहृमण सभा महेंद्रगढ की ओर से नि:शुल्क विशाल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस बारे में कनीना निवासी अधिवक्ता मनोज शर्मा व कंवर सैन वशिष्ठ ने बताया कि सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक भगवान परशुराम भवन महेंद्रगढ में आयोजित होने वाले इस शिविर के मुख्यातिथि महेंद्रगढ के विधायक कंवर सिंह होगें तथा अध्यक्षता हरीश शर्मा बसई की होगी। शिविर में प्रसिद्ध चिकित्सकों की टीम मरीजों की जांच कर दवा वितरित करेगी।

# अपंगता शरीर की हो सकती है, बुद्धि की नहीं : राजपाल खेड़ा

**समाचार गेट/सोनिका सूरा**

**सिवानी।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के उपखंड कानूनी सेवाएं समिति के चेयरमैन माननीय मोहम्मद जकारियां खान न्यायिक मजिस्ट्रेट सिवानी के निर्देश में खंड के गांव धूलकोट में अंतरराष्ट्रीय अपंगता दिवस पर कानूनी जागरूकता कैंप आ आयोजन किया गया जिसमें युवा अधिवक्ता राजपाल खेड़ा ने कहा की अपंग व्यक्ति को कभी हताश व निराश नहीं होना चाहिए बल्कि बुद्धि को विकसित कर आगे बढ़ना चाहिए क्योंकि अपंगता शरीर की हो सकती है बुद्धि की नहीं होनी चाहिए इस मौके पर खेड़ा ने अपंग व्यक्तियो को कानून व संविधान में वर्णित कानूनी अधिकारों की जानकारी दी व इसके साथ ही अधिवक्ता राजपाल खेड़ा ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम, बाल-विवाह, बाल मजदूरी, संवैधानिक अधिकार,मौलिक अधिकार व कर्तव्य ओर राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी जानकारी दी इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि विजय बड़गुजर, संदीप, डॉ कुलदीप, जसवंत मेहरा, राजपाल, गीता रानी, पवन इंदौरा, प्रवीण कुमार, प्रियंका, बंटी पहलवान, अमित, संतोष , दीप बडगुजर आदि मौजूद रहे।

# सत कृष्णा व एनआईआईटी फाउंडेशन द्वारा पृथला गाँव में दिया प्रशंसा अवार्ड




**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** सत कृष्णा एनआईआईटी फाउंडेशन सेंटर में सामुदायिक सेवा पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सेंटर के बच्चों ने बढ़चढ़ भाग लिया व नाटक के जरिये लोगो को जागरूक किया बलॉक चेयरमैन बबीता तवर व दया तंवर ब्लाक मैमबर द्वारा एनआईआईटी फाउंडेशन से प्रशिक्षण लें रहे 20 विद्यार्थियों कों सर्टिफिकेट वितरण किए गए वहीं सामुदायिक सेवा पुरस्कार रितेश सिन्हा सीएसआर हेड कृष्णा मारुती व अखिलेश शर्मा नेशनल हेड एनआईआईटी फाउंडेशन को सम्मानित किया गया, जिसमे ब्लॉक चेयरमैन बबीता ने बताया कि सत कृष्णा के द्वारा हमारे गाँव को बहुत लाभ मिल रहा है, जिसमे फ्री बस सेवा,वाटर कुलर,स्कील डेवलपमेंट जिसमे बेरोजगारों कों निशुल्क कोर्स व रोजगार के अवसर प्रदान किए जाते है। जिसमे मुख्य रूप से गौरव रायकर सेंटर हेड गुरुग्राम व अभिषेक बनर्जी रिजनल मैनेजर, जितेन्द्र चौधरी मैनेजर, रचना, अन्नू, दलबीर व प्रशान्त मौजूद रहे।

# जिले में 9 से 11 दिसंबर तक गीता महोत्सव का आयोजन किया जाएगा: डीसी

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में 9 से 11 दिसंबर तक गीता महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। गीता महोत्सव का आयोजन नजदीक नया बस स्टैंड सथित बाल भवन में किया जाएगा जहां गीता पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की देखरेख में आयोजित होने वाले इस समारोह में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
**समाचार गेट**
को TITLE CODE : HARHIN11569
**आवश्यकता है**
♦ हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
♦ उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
♦ ग्रामीण संवाददाता ♦ फोटोग्राफर
♦ विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

# कोर्ट भवन निर्माण की मांग को लेकर वकीलों का धरना दूसरे दिन भी जारी

**जल्द निर्माण कार्य शुरू करने की मांग**

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना में जल्द ही उप मंडल स्तरीय न्यायालय भवन निर्माण करने की मांग को लेकर वकीलों ने मंगलवार को दूसरे दिन भी अनिश्चतकालीन धरना दिया।

बार एसोसिएशन के बैनर तले अधिवक्ताओं ने सोमवार से 'वर्क सस्पेंड' कर अनिश्चतकालीन धरना प्रारंभ किया था। वकीलों ने एक स्वर में कहा कि वर्ष 2016 में उपमंडल स्तरीय न्यायालय शुरू हुआ था। आठ साल की अवधि के बाद भी कोर्ट भवन का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। जिससे उन्हें कठिनाई से गुजरना पड रहा है। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप कनीना में लघु सचिवालय भवन का निर्माण कार्य पूरा होने वाला है। जबकि न्यायालय भवन तथा वकीलों के चैंबर का कार्य अभी तक शुरू नहीं किया है।

अधिवक्ताओं ने कहा कि जब तक एसडीजेएम कोर्ट भवन का कार्य शुरू नहीं हो जाता उनका धरना जारी रहेगा। धरने के चलते कनीना न्यायालय में लंबित सात हजार केसों की सुनवाई का कार्य भी प्रभावित हो गया है। यहां पर प्रतिदिन करीब साढे तीन सो केसों पर सुनवाई होती है। प्रत्येक मंगलवार को साप्ताहिक फेमिली कोर्ट भी लगती है जिसमें पति-पत्नी तथा वैवाहिक मामलों की सुनवाई होती है। वकीलों द्वारा वर्क सस्पेंड कर अनिश्तकालीन धरने पर बैठने से अदालती कामकाज ठप हो गया है।




इस मौके पर बार एसोसिएशन के सचिव संदीप यादव, उप प्रधान सुनील यादव, मीनाक्षी, अधिवक्ता संदीप यादव, बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान ओपी यादव, हरीश गाहडा, रमेश कौशिक, सतीश भाटोटिया, अनिल शर्मा, विक्रम सिंह, सुभाश शर्मा, वीरेंद्र दीक्षित, विजय कुमार, खुशबु बंसल, ममता सिंह, गिरवर लाल,वीरेंद्र सिंह,प्रविंद्र छितरोली सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित थे।

## लखनऊ एयरपोर्ट पर कैमिकल में डूबा नवजात का शव बरामद

### –पार्सल से भेजा जा रहा था मुंबई, स्कैनिंग में पकड़ाया, कूरियर एजेंट गिरफ्तार

लखनऊ। लखनऊ एयरपोर्ट पर मंगलवार सुबह कैमिकल में डूबोकर पार्सल किया जा रहा नवजात का शव बरामद किया गया है। इसका खुलासा स्कैनिंग के दौरान हुआ। उक्त शव को नवी मुंबई भेजा जा रहा था। पुलिस ने इस मामले में एक एजेंट को गिरफ्तार किया है, जिससे पूछताछ के बाद ही मामले का खुलासा हो सकेगा। जानकारी अनुसार लखनऊ एयरपोर्ट में कूरियर के एक डिब्बे में एक महीने के नवजात का शव बरामद किया गया है। नवजात के शव की जानकारी कार्गो के सामान की स्कैनिंग के दौरान हुई। उक्त शव प्लास्टिक के डिब्बे में पैक किया गया था, जिसके अंदर लिक्विड भरा हुआ था। इस मामले में पुलिस का कहना है कि कूरियर सर्विस के जरिए पार्सल के तौर पर नवजात के शव को नवी मुंबई भेजा जा रहा था। जांच में मालूम चला है कि उक्त कूरियर को हजरतगंज स्थित इंदिरा आईवीएफ हॉस्पिटल से चंदन यादव नामक व्यक्ति द्वारा बुक कराया गया था। पुलिस अब इस जांच में जुटी है कि आखिर नवजात के शव को कैमिकल में रखकर कूरियर क्यों किया गया। इसी बीच कूरियर एजेंट शिव बरन को सीआईएसएफ ने पकड़ा और पुलिस के हवाले कर दिया है। यह पार्सल इंडिगो की फ्लाइट 6ई 2238 के जरिए लखनऊ से मुंबई भेजने का प्रयास किया गया। लखनऊ एयरपोर्ट पर बुक पार्सल की जब स्कैनिंग की गई तो उसमें नवजात का शव डिटेक्ट हुआ। इसके बाद कार्गो कर्मचारियों ने पैकेट खोलकर देखा तो उसमें बच्चे का शव मिला। इसके बाद कार्गो कर्मचारियों ने फौरन ही सीआईएससफ और पुलिस को सूचना दे दी। मामले की जांच की जा रही है।

## श्रद्धालुओं से भरी बस ट्राले की टक्कर से पलटी, 27 घायल, कई गंभीर

छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा जिले के चौरई इलाके में अयोध्या से लौट रही श्रद्धालुओं से भरी बस पलटने से 27 लोग घायल हो गए, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह घटना चौरई के केंद्रीय विद्यालय के पास घटित हुई, जहां सामने से आ रहे एक ट्राले ने बस को साइड से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बस पलट गई और उसमें सवार लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन ने रेस्क्यू अभियान शुरू किया। घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया। छिंदवाड़ा एडिशनल एसपी के मुताबिक 27 नवंबर को श्रद्धालु अयोध्या गए थे। वहां से दर्शन कर वापस लौट रहे थे तभी मंगलवार सुबह यह हादसा हो गया। घायलों में कुछ की हालत गंभीर है, जिनका अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि ट्राले की टक्कर के कारण बस पलटी। बस और ट्राले के चालकों से पूछताछ की जा रही है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने भी रेस्क्यू में प्रशासन की मदद की। प्रशासन ने वाहन चालकों से सावधानीपूर्वक ड्राइविंग करने की अपील की है।

## दिल्ली–एनसीआर में वायु प्रदूषण से अब राहत मिलने की उम्मीद : आईएमडी

### – दिसंबर के दूसरे सप्ताह में पहाड़ों पर अच्छी बारिश और बर्फबारी की संभावना

नई दिल्ली। दिल्ली–एनसीआर में वायु प्रदूषण की वजह से लोगों की सेहत खतरे में थी, लेकिन मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार हवा की गति में बदलाव आने की संभावना है। आने वाले चार दिनों में हवा की गति में तेज़ी आने से प्रदूषण में कमी हो सकती है। दिल्ली के लोगों के लिए खुशखबरी है कि दिसंबर के दूसरे सप्ताह में पहाड़ों पर अच्छी बारिश और बर्फबारी की संभावना है। इससे ठंडाई हवा का असर महसूस होगा। यह बारिश दिल्ली–एनसीआर के साथ ही हरियाणा, पंजाब, उत्तरी राजस्थान और पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्र में भी महसूस होगा। विशेषज्ञों का कहना है कि बर्फबारी के बाद तापमान और भी गिर सकता है और दिल्ली–एनसीआर में ठंड का असर और भी महसूस होगा। दिल्ली में मंगलवार का न्यूनतम तापमान 13.05 डिग्री और अधिकतम तापमान 27.77 डिग्री रहने की संभावना है। नमी का स्तर 26 फीसदी है और हवा की गति 26 किमी प्र?ति घंटा है। बुधवार को दिल्ली में न्यूनतम तापमान 19.68 डिग्री और अधिकतम तापमान 27.18 डिग्री की संभावना है। नमी का स्तर कल 22 फीसदी रह जाएगा। इससे साफ है कि दिल्ली के लोगों के लिए टंडक और बर्फबारी की संभावनाएं बढ़ गई हैं। साथ ही हवा की गति में बदलाव आने की संभावना है, जिससे प्रदूषण में भी कमी हो सकती है और लोगों को साँस लेने में आसानी होगी।

## युवक की हरकतों से हुआ शक, पूछताछ में हुआ फर्जीवाड़े का खुलासा

नई दिल्ली। दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन के काउंटर पर मौजूद अफसर के सामने करीब एक 24 साल का युवक खड़ा हुआ है। इस युवक के चेहरे पर एक अजीब सी मुस्कान है, जिसकी मदद से वह अपनी हिचक और डर को छिपाने की कोशिश कर रहा था। शुरूआत में इमिग्रेशन अफसर को लगा कि शायद पहली हवाई यात्रा की वजह से युवक घबरा रहा हो। लिहाजा, उसे कंफर्ट करने के इरादे से वह थोड़ा मुस्कुराए और पासपोर्ट लेने के लिए हाथ आगे बढ़ा दिया। डॉक्यूमेंट स्क्रूटनी के बीच में ही इमिग्रेशन अफसर ने हिंदी में पूछ लिया... आपको किस काम से ताशकंद जा रहे हैं। इमिग्रेशन अफसर का सवाल सुनने के बावजूद यह युवक शून्य भाव के साथ खड़ा रहा। इमिग्रेशन अफसर ने अपना सवाल दोहराया, लेकिन इस बार भी जवाब नहीं आया। इस प्रतिक्रिया पर इमिग्रेशन अफसर का माथा ठनका कि कोलकाता से चंद किलोमीटर दूर स्थित सिंगूर में रहने वाले शख़्?स को इतनी हिंदी भी नहीं आती। लिहाजा, इस युवक से गहन पूछताछ शुरू की गई। तलाशी के दौरान इसके मोबाइल से बांग्लादेशी पासपोर्ट का बायोडाटा पेज बरामद किया गया, जिसमें इसका नाम टीटू दर्ज था। बांग्लादेशी पासपोर्ट का बायोडाटा पेज सामने आते ही सारा राज खुल कर सामने आ गया।

# राजनीति में कोई संतुष्ट नहीं होता, मुख्यमंत्री डरा-डरा रहता है न जाने कब हाईकमान हटा दे

**नागपुर (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मुख्यमंत्री के पद और राजनैतिक संतुष्टि को लेकर बड़ा बयान दिया है। यहां आयोजित एक पुस्तक के विमोचन समारोह में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हमेशा ही डरा और सहमा रहता है। उसके भीतर डर बना रहता है कि न जाने कब हाईकमान उसकी छुट्टी कर दे। जहां तक राजनीति का सवाल है तो यहां कोई भी संतुष्ट नहीं होता है। गडकरी ने कहा है कि राजनीति असंतुष्ट आत्माओं का सागर है, जहां हर व्यक्ति दुखी है और अपने वर्तमान पद से ऊंचे पद की आकांक्षा रखता है। नागपुर में जीवन के 50 स्वर्णिम नियम नामक पुस्तक के विमोचन के अवसर पर गडकरी ने कहा कि जीवन समझौतों, बाध्यताओं, सीमाओं और विरोधाभासों का खेल है।

मंत्री ने राजस्थान में आयोजित एक कार्यक्रम को याद करते हुए कहा कि राजनीति असंतुष्ट आत्माओं का सागर है, जहां हर व्यक्ति दुखी है... जो पार्षद बनता है वह इसलिए दुखी होता है क्योंकि उसे विधायक बनने का मौका नहीं मिला और विधायक इसलिए दुखी होता है क्योंकि उसे मंत्री पद नहीं मिल सका।



भाजपा नेता ने कहा, जो मंत्री बनता है वह इसलिए दुखी रहता है कि उसे अच्छा मंत्रालय नहीं मिला और वह मुख्यमंत्री नहीं बन पाया तथा मुख्यमंत्री इसलिए तनाव में रहता है क्योंकि उसे नहीं पता कि कब आलाकमान उसे पद छोड़ने के लिए कह देगा। उन्होंने कहा कि जीवन में समस्याएं बड़ी चुनौतियां पेश करती हैं और उनका सामना करना तथा आगे बढ़ना ही जीवन जीने की कला है।

खास बात है कि यह बयान ऐसे समय पर आया है, जब महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री पद को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है। विधानसभा चुनाव में बंपर जीत के बाद भी महायुति अब तक सीएम नहीं चुन सकी है। खबरें हैं कि भाजपा मुख्यमंत्री पद अपने पास रखेगी। वहीं, दो अन्य दल एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के खाते में डिप्टी सीएम आ सकते हैं। फिलहाल, इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता ने कहा कि चाहे व्यक्ति पारिवारिक, सामाजिक, राजनीतिक या कॉरपोरेट जीवन में हो, जीवन चुनौतियों और समस्याओं से भरा है और व्यक्ति को उनका सामना करने के लिए जीवन जीने की कला को समझना चाहिए। गडकरी ने कहा कि उन्हें अपने राजनीतिक जीवन में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन की आत्मकथा का एक उद्धरण याद है, जिसमें कहा गया है, कोई व्यक्ति तब खत्म नहीं होता जब वह हार जाता है। वह तब खत्म होता है जब वह हार मान लेता है।

## बांग्लादेश में हिंसा : भारत के पर्यटक पर भीड़ ने किया हमला

### – अंतरराष्ट्रीय समुदाय सकारात्मक कदम उठाने की कर रहे मांग

कोलकाता। पड़ोसी देश बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार के अपदस्थ होने के बाद शुरू हुई हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। खासतौर पर अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के खिलाफ हमलों की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के खिलाफ हो रही हमलों की एक और घटना सामने आई है, जिसमें एक भारतीय पर्यटक भी शिकार हो गए। पश्चिम बंगाल के नॉर्थ 24 परगना जिले के बेलघोरिया के निवासी एक पर्यटक ने बताया कि बांग्लादेश में घूमने के दौरान उन पर एक ?हिंसक भीड़ ने हमला किया। उन्हें पहचान के आधार पर हमला किया गया, जब पता चला कि वे भारत से हैं और हिंदू हैं। गहरी चोटें खाकर भारत लौटने की कोशिश करते हुए भारतीय पर्यटक की हालत बहुत खराब हो गई। उन्होंने एंबुलेंस को बुलाया, लेकिन पुलिस ने पहचान पूछी, जिससे मेडिकल सहायता में देरी हुई। बांग्लादेश में बढ़ती हिंसा को लेकर अंतरराष्ट्रीय समुदाय सकारात्मक कदम उठाने की मांग कर रहे हैं। अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने हिंसा को रोकने का आश्वासन दिया है, लेकिन वास्तविकता में कार्रवाई की ज़रूरत है। भारत सरकार से भी बड़े स्तर पर इस मामले में कदम उठाने की मांग है, ताकि इस त्रासदी को रोका जा सके और बांग्लादेश के लोगों को सुरक्षित रहने में मदद मिले।

## इसरो श्रीहरिकोटा से प्रोबा-3 मिशन आज करेगा लॉन्च



**`* रॉकेट की ऊंचाई 145.99 फीट और वजन 320 टन होगा**

**मुंबई (एजेंसी)।** नई दिल्ली,(ईएमएस)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) 4 दिसंबर यानी बुधवार को यूरोपीय स्पेस एजेंसी (ईएसए) के प्रोबा-3 मिशन को लॉन्च करेगा। इस मिशन को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर के लॉन्च पैड से पीएसएलवी-एक्सएल रॉकेट द्वारा लॉन्च किया जाएगा। लॉन्च का समय शाम 4ः08 बजे है,

पीएसएलवी-सी59 रॉकेट की यह उड़ान पीएसएलवी रॉकेट की 61वीं उड़ान होगी, और पीएसएलवी-एक्सएल की 26वीं उड़ान होगी। रॉकेट की ऊंचाई 145.99 फीट और वजन 320 टन होगा। लॉन्च के 26 मिनट बाद, यह रॉकेट प्रोबा-3 सैटेलाइट को 600 गुणा 60,530 किमी की अंडाकार कक्षा में भेजेगा। यह मिशन दुनिया का पहला प्रेसिशन फॉर्मेशन फ्लाइंग सैटेलाइट है, जिसमें दो सैटेलाइट्स शामिल होंगे।

कोरोनाग्राफ स्पेसक्राफ्ट यह सैटेलाइट सूरज की तरफ मुंह करके खड़ा होगा और सूर्य के बाहरी और अंदरूनी कोरोना के बीच के गैप का अध्ययन करेगा। इसमें एएसपीआईआईसीएस और 3डीईईएस जैसे उपकरण होंगे। ऑक्लटर स्पेसक्राफ्ट यह सैटेलाइट कोरोनाग्राफ के पीछे रहेगा और सूर्य के कोरोना से संबंधित डेटा का अध्ययन करेगा। इसमें डीएडीए होगा। प्रोबा-3 मिशन का मुख्य उद्देश्य सूरज के कोरोना की स्टडी करना है, खासकर उसके हाई कोरोना और लो कोरोना के बीच के गैप की स्टडी करना। यह मिशन सूरज के सोलर हवाओं और कोरोनल मास इजेक्शन के बारे में अहम जानकारी देगा, जिससे वैज्ञानिक सौर मौसम और सौर हवाओं की बेहतर समझ हासिल कर सकेंगे। इस मिशन के जरिए वैज्ञानिक यह जानने की कोशिश करेंगे कि सूरज का डायनेमिक्स हमारी पृथ्वी पर किस प्रकार असर डालता है, और कैसे सूरज के बदलाव हमारे वातावरण और अंतरिक्ष मौसम को प्रभावित कर सकते हैं। प्रोबा-3 मिशन इसरो के लिए एक अहम कदम है और इसरो के लिए यह एक नई उपलब्धि भी होगी, क्योंकि इससे अंतरिक्ष और सौर अनुसंधान को नई दिशा मिलेगी।

# क्या रॉबर्ट वाड्रा करेंगे राजनीति में एंट्री, वीडियो शेयर कर कहा-मैं जल्द ज्वाइंन करूंगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वायनाड सांसद प्रियंका गांधी के पति और गांधी परिवार के दामाद रॉबर्ट वाड्रा जल्द राजनीति में एंट्री कर सकते हैं। टीवी न्यूज चैनल से बातचीत का एक पुराना वीडियो को शेयर किया है। इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए इस वीडियो के साथ कैप्शन में रॉबर्ट वाड्रा ने लिखा- मैं जल्द ज्वाइंन करूंगा। वीडियो में रॉबर्ट वाड्रा से पूछा गया आप इतना काम करते हैं। सोशल वर्क करते हैं। चुनावी राजनीति में हम रॉबर्ट वाड्रा को देखेंगे क्या? क्योंकि मैडम तो आ ही गई हैं। इसपर रॉबर्ट वाड्रा ने कहा- अभी जो जनता चाहेगी वही होगा। मेरे चाहने से कुछ नहीं होगा। ये प्रियंका गांधी का समय है। मेरा समय नहीं है। मैं प्रियंका के लिए करूंगा। अपने लिए बाद में करूंगा। मैं बहुत खुश हूं कि वायनाड के लोगों ने उन्हें चुनकर सांसद बनाया है।



बता दें प्रियंका गांधी हाल ही में वायनाड से रिकॉर्ड तोड़ मतों से जीतकर लोकसभा सांसद चुनी गई हैं। इससे पहले लोकसभा चुनाव के दौरान रॉबर्ट वाड्रा अमेठी सीट से चुनाव लड़ने का दावा कर चुके हैं। हालांकि कांग्रेस पार्टी ने तब उन्हें टिकट नहीं दिया था। ऐसे में अब देखना है कि वाड्रा का यह बयान कितना सही साबित होता है। बीजेपी पहले ही कांग्रेस पर परिवारवाद का आरोप लगाती रही है।

अगर ऐसा होता है तो बीजेपी को बैठे-बिठाए मुद्दा मिल जाएगा। रॉबर्ट वाड्रा पहले भी कई बार भविष्य में राजनीति में आने की बात कह चुके हैं लेकिन अभी तक इसका औपचारिक ऐलान नहीं हुआ है। उधर, राजनीतिक पंडित कई बार यह साफ कह चुके हैं कि राहुल गांधी नहीं बल्कि प्रियंका गांधी कांग्रेस पार्टी की अगली उत्तराधिकारी साबित हो सकती हैं। ऐसे वक्त पर रॉबर्ट वाड्रा की एंट्री राजनीति में होती है तो पार्टी को इसका नुकसान होना तय है। इसके बावजूद रॉबर्ट वाड्रा अपनी राजनीति को चमकाने में जुटे हैं। प्रियंका गांधी वाड्रा के लोकसभा की सदस्यता ग्रहण करने पर रॉबर्ट वाड्रा ने कहा था कि प्रियंका के सांसद बनने से मेरा सपना हुआ पूरा। मैं भी सक्रिय राजनीति के लिए तैयार हूं। कांग्रेस जब चाहेगी तब मैं भी राजनीति में आ जाऊंगा। बीजेपी जिन मुद्दों को छुपाती है, उन सवालों को प्रियंका संसद में उठाएंगी। एजेंसियों के दुरुपयोग और महिलाओं से जुड़े मसले को प्रियंका गांधी उठाएंगी।

## फडणवीस को लेकर शिंदे के 'नखरे' के पीछे 'दिल्ली में बैठी महाशक्ति' : संजय राउत

मुंबई (एजेंसी)। शिवसेना (उबाठा) नेता संजय राउत ने स्पष्ट रूप से भाजपा नेतृत्व की ओर इशारा करते हुए दावा किया कि महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ''दिल्ली में बैठी महाशक्ति'' के समर्थन से भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस को लेकर ''नखरे'' और नाराजगी दिखा रहे हैं। नयी दिल्ली में पत्रकारों से बात करते हुए राउत ने महाराष्ट्र में सरकार गठन में हो रही देरी को अराजकतापूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित हुए 10 दिन से अधिक हो गए हैं, लेकिन किसी भी पार्टी या गठबंधन ने न तो सरकार बनाने का दावा पेश किया है और न ही अपने विधायकों की सूची दी है। राउत ने कहा कि राज्यपाल ने अभी तक किसी को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित नहीं किया है, लेकिन भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने शपथ ग्रहण की तारीख घोषित कर दी है, जो आजाद मैदान में होगी। राज्यसभा सदस्य ने कहा, ''मुझे लगता है कि एकनाथ शिंदे के नखरे और देवेंद्र फडणवीस के खिलाफ नाराजगी के पीछे दिल्ली में बैठी कोई 'महाशक्ति' है। महाशक्ति के समर्थन के बिना एकनाथ शिंदे ऐसा कुछ करने की हिम्मत नहीं कर सकते। दिल्ली में सत्ता में बैठे लोगों को नखरे दिखाने की हिम्मत किसी में नहीं है।'' महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 132 सीट जीती हैं, ऐसे में फडणवीस को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद की दौड़ में सबसे आगे देखा जा रहा है। भाजपा, एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के महायुति गठबंधन द्वारा 288 विधानसभा सीट में से 230 सीट जीतने के बावजूद, राज्य में सरकार का गठन होना बाकी है।




# सुरक्षा बढ़ाने का ड्रामा, करीबियों ने ही रची स्क्रिप्ट, पप्पू यादव धमकी मामले में बड़ा खुलासा, सांसद ने किया इनकार

**पटना (एजेंसी)।** पूर्णिया सांसद पप्पू यादव को लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जान से मारने की धमकी मिलने की खबर पिछले दिनों चर्चा में रही। अब पुलिस ने एक शख्स को गिरफ्तार किया है। हालांकि, पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार शख्स ने पूरे घटना को लेकर बड़ा खुलासा किया है। पूछताछ में पता चला कि यह षड़यंत्र सांसद के करीबी लोगों ने रचा था। गिरफ्तार व्यक्ति ने इस बात को स्वीकार किया है कि सांसद के कुछ करीबी लोगों ने उसे सुरक्षा मुहैया कराने के लिए वीडियो बनाने और धमकाने को कहा था। आरोपी को पार्टी में पद देने का प्रलोभन भी दिया गया।

फिलहाल, मामले की आगे जांच हो रही है। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम राम बाबू यादव है। वह पहले पप्पू यादव का करीबी भी रहा है और पार्टी का सदस्य भी रहा है। हालांकि, लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से उसका कोई संबंध नजर नहीं आ रहा है। लेकिन पप्पू यादव ने इससे साफ तौर पर इनकार किया है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि माननीय नीतीश कुमार, आपकी पुलिस मानसिक रूप से दिवालिया हो गई है। वह वही व्यवहार कर रही है



जो दिवंगत कांग्रेस विधायक हेमंत शाही जी को गोली लगने पर तत्कालीन सरकार और प्रशासन ने किया था। उनपर घायल होने की नौटंकी का आरोप लगाया, बाद में इलाजरत हेमंत जी की मृत्यु हो गई थी! पुनः वही हो रहा है।

उन्होंने एक अन्य ट्वीट में लिखा कि 6 लोगों ने अबतक जान से मारने की धमकी दिया। मलेशिया, पाकिस्तान, नेपाल से धमकी मिली है, उस पर अबतक कार्रवाई क्यों नहीं। अगर किसी ने पैसा देकर धमकी दिलाया है तो पुलिस उसके नाम का खुलासा कर गिरफ्तार करे! पुलिस किसी के इशारे पर मेरी सुरक्षा से खेल रही है, झूठ फैला हत्यारों को शह दे रही है। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग की हिट लिस्ट में शामिल बिहार के पूर्णिया से निर्दलीय लोकसभा सांसद पप्पू यादव को एक और जान से मारने की धमकी मिली है।

व्हाट्सएप के जरिए दी गई यह चेतावनी पाकिस्तान से जुड़े एक नंबर से आई थी, जिसमें धमकी दी गई थी कि यादव को अगले 24 घंटों के भीतर मार दिया जाएगा। संदेश भेजने वाले ने यह भी दावा किया कि उसके गार्ड भी उसकी रक्षा करने में असमर्थ होंगे। धमकी के साथ एक विस्फोट की तस्वीर भी थी। पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने कहा कि इसके पीछे क्या कारण है, वह मुझे क्यों मारना चाहता है, कौन है जो मुझे मरवाना चाहता है? कोई तो होगा जो उसे ढूंढ लेगा। इसकी जिम्मेदारी IB, RAW की है। आप (सरकार) सुरक्षा न दें, कंगना रनौत और अन्य को दें। जांच की जिम्मेदारी निभाएं, क्या हम इस देश के नागरिक नहीं हैं, क्या हम इस देश के कानून और संविधान के लिए खड़े नहीं होते हैं? उन्होंने कहा कि अगर सच बोलने की यही सजा है तो मैं ऐसी सजा हजार बार भुगतने को तैयार हूं।

## सावरकर के परिजनों द्वारा दायर मानहानि की शिकायत के संबंध में पुणे की एक अदालत में पेश नहीं हुए राहुल

**पुणे (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी संसद के शीतकालीन सत्र के कारण हिंदुत्व विचारक वीडी सावरकर के परिजनों द्वारा उनके खिलाफ दायर मानहानि की शिकायत के संबंध में पुणे की एक अदालत में पेश नहीं हुए। गांधी के वकील मिलिंद पवार ने कहा कि उनके मुवक्किल ने संसद के चल रहे सत्र के कारण पेशी से छूट मांगी थी, उन्होंने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता 10 जनवरी को अदालत में उपस्थित होंगे।

सावरकर के पोते सत्यकी सावरकर ने पुणे की एक अदालत में शिकायत दर्ज कराई थी जिसमें दावा किया गया था कि गांधी ने मार्च 2023 में लंदन में अपने भाषण में कहा था कि सावरकर ने एक किताब में लिखा है कि उन्होंने और उनके पांच-छह दोस्तों ने एक बार एक मुस्लिम व्यक्ति की पिटाई की थी और उन्हें (सावरकर को) खुशी हुई थी।

याचिका के अनुसार, वीडी सावरकर ने ऐसा कहीं नहीं लिखा है। उस समय, अदालत ने पुलिस से आरोपों की जांच



करने और रिपोर्ट दाखिल करने को कहा था। विश्रामबाग पुलिस ने जांच के बाद कहा कि शिकायत में प्रथम दृष्टया सच्चाई है। 18 नवंबर को संयुक्त सिविल जज और न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) अमोल शिंदे की एमपी/एमएलए की विशेष अदालत ने एक आदेश जारी कर गांधी को 2 दिसंबर को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया।

शिकायतकर्ता सत्यकी सावरकर का प्रतिनिधित्व कर रहे अधिवक्ता संग्राम कोल्हटकर ने अदालत से गांधी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी करने का आग्रह किया, क्योंकि वह तीन मौकों पर अदालत में पेश होने में विफल रहे। कोल्हटकर ने तर्क दिया कि यह अदालत की अवमानना है, क्योंकि गांधी समन मिलने के बावजूद पेश होने में विफल रहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 174 (लोक सेवक के आदेश का पालन न करना) के तहत कार्रवाई की मांग की गई है।

कोल्हटकर ने बाद में संवाददाताओं को बताया कि अगर वह 10 जनवरी को अदालत में पेश नहीं होते हैं, तो गैर जमानती वारंट जारी किया जाएगा। कोल्हटकर ने 26 नवंबर को राहुल गांधी द्वारा दिए गए भाषण से संबंधित कुछ समाचार कटिंग भी प्रस्तुत कीं, जिसमें राहुल गांधी ने सावरकर के खिलाफ इसी तरह की टिप्पणी की थी। उन्होंने अदालत से गांधी को सावरकर के खिलाफ कोई भी टिप्पणी करने से रोकने के लिए कहा, जिस पर न्यायाधीश शिंदे ने मौखिक रूप से अधिवक्ता पवार से कहा कि वह अपने मुवक्किल से ऐसी टिप्पणी न करने के लिए कहें।

# महिलाओं को समंदर के जहाजों और तटवर्ती संस्थानों में काम करने का मिला मौका

### बदलती तकनीकी के चलते अगली पीढ़ी की लीडरशिप है एक बड़ा चैलेंज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन नेवी-डे 4 दिसंबर के उपलक्ष्य में नौसेना चीफ एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने नौसेना की तेजी से बदलती तकनीकी जरूरतों, महिलाओं के योगदान और आगामी पीढ़ी की लीडरशिप के बारे में कहा कि तेजी से बदलती तकनीकी और जियोपॉलिटिकल स्थिति के चलते अगली पीढ़ी की लीडरशिप के लिए यह एक बड़ा चैलेंज है। हम अपने जवानों को तैयार कर रहे हैं ताकि वे किसी भी स्थिति से निपट सकें। हम हमेशा तकनीकी में एक कदम आगे रहने की कोशिश करते हैं, ताकि दुश्मन के पास जो जानकारी हो, वह हमारे पास भी हो।

नौसेना चीफ ने कहा कि महिलाओं के लिए भारतीय नौसेना में हर तरह के रोल खुले हैं, केवल सबमरीन में महिलाओं को शामिल नहीं किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि हाल ही में शुरू की गई अग्निपथ स्कीम में महिलाओं को समंदर के जहाजों और तटवर्ती संस्थानों में पूरी तरह से काम करने का मौका दिया है और इस प्रक्रिया में कोई भेदभाव नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि जब वे 10वीं क्लास में थे, तो मुंबई में समंदर देख कर उनका मन बदल गया और तब से उनका सपना भारतीय नौसेना में शामिल होने का था। एडमिरल त्रिपाठी ने मर्चेंट नेवी और इंडियन नेवी के अंतर को भी बताया। मर्चेंट नेवी का काम समुद्री व्यापार को सुरक्षित रूप से संचालन करना है, जबकि इंडियन नेवी का मुख्य काम समुद्री सुरक्षा प्रदान करना है। नौसेना चीफ ने बताया कि नेवी में करियर बनाने के कई रास्ते हैं। 12वीं के बाद एनडीए या नेवल अकैडमी से ऑफिसर बनने का मौका है या फिर किसी इंजीनियरिंग कॉलेज से बीटेक करने के बाद एक परीक्षा पास कर नेवी में ऑफिसर बन सकते हैं। इसके अलावा, अग्निपथ स्कीम के तहत भी लोग सेलर के रूप में नेवी में शामिल हो सकते हैं। इस तरह, भारतीय नौसेना ने अपनी ताकत और विविधता को लगातार बढ़ाया है, जिसमें महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान भी शामिल है।



# भारत के जैविक खाद्य उत्पादों का निर्यात 448 मिलियन डॉलर पहुंचा

**- चालू वित्त वर्ष में जैविक खाद्य उत्पादों का निर्यात पिछले वर्ष के आंकड़े को कर सकता है पार**

**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार ने देश के प्रमुख खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के विस्तारित विकास के लिए नवीनतम आंकड़ों की घोषणा की है। वित्त वर्ष 2024-25 के पहले आठ महीनों में भारत ने 447.73 मिलियन डॉलर के जैविक खाद्य उत्पादों का निर्यात किया है। यह आंकड़ा पिछले पूरे वित्त वर्ष में निर्यात किए गए 494.80 मिलियन डॉलर के बहुत करीब है। इस प्रगति के साथ उम्मीद की जा रही है कि चालू वित्त वर्ष में जैविक खाद्य उत्पादों का निर्यात पिछले वर्ष के आंकड़े को पार करेगा। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री नवनीत सिंह बिट्टू ने एक लिखित उत्तर में यह जानकारी साझा की कि वित्त वर्ष 2023-24 में भारत ने 494.80 मिलियन डॉलर के जैविक खाद्य उत्पादों का निर्यात किया था। मंत्रालय ने जैविक उत्पादों के उत्पादन के लिए उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए कोई विशिष्ट निधि आवंटित नहीं की है, लेकिन वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) जैविक उत्पादों के निर्यातकों सहित वित्तीय सहायता प्रदान करता है। भारत में राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम के अंतर्गत जैविक प्रमाणित प्रसंस्करण इकाइयों की कुल संख्या 1,016 है, एपीडा ने जानकारी प्रदान की। सितंबर में, एपीडा ने ग्लोबल रिटेल चेन लुलु ग्रुप इंटरनेशनल (एलएलसी) के साथ साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी के तहत भारतीय जैविक उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला को यूएई में ले जाने का भी निर्णय लिया गया है। एपीडा किसान उत्पादक संगठनों, किसान उत्पादक कंपनियों, सहकारी समितियों, और लुलु समूह सहित जैविक उत्पादकों के बीच कनेक्शन के लिए काम कर रहा है ताकि भारत के जैविक उत्पाद वैश्विक बाजार में पहुंच सकें।

# देश के कई शहरों में पेट्रोल-डीजल हुआ सस्ता

**- ब्रेंट क्रूड का भाव गिरावट के साथ 71.83 डॉलर प्रति बैरल हुआ**

**नई दिल्ली ।** कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट का असर मंगलवार को देश के ज्यादातर शहरों में पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों पर भी दिख रहा है। सरकारी तेल कंपनियों ने देश के कई शहरों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कटौती की है। वैसे दिल्ली-मुंबई सहित देश के चारों महानगरों में तेल की कीमतों में मंगलवार को भी कोई बदलाव नहीं हुआ है। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार यूपी के गाजियाबाद जिले में पेट्रोल 14 पैसे महंगा होकर 94.58 रुपये लीटर है। डीजल भी 16 पैसे चढ़ा और 87.67 रुपये लीटर पहुंच गया है। यूपी की राजधानी लखनऊ में पेट्रोल 10 पैसे सस्ता हो गया और 94.69 रुपये लीटर बिक रहा, जबकि डीजल 11 पैसे फिसलकर 87.81 रुपये लीटर हो गया है। बिहार की राजधानी पटना में पेट्रोल 37 पैसे टूटकर 105.23 रुपये लीटर तो डीजल 34 पैसे गिरकर 92.09 रुपये लीटर बिक रहा है। कच्चे तेल की कीमतों में भी बड़ी गिरावट दिख रही है। ब्रेंट क्रूड का भाव गिरने के साथ 71.83 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। डब्ल्यूटीआई भी टूटकर 68.16 डॉलर प्रति बैरल हो गया है। वहीं दिल्ली में पेट्रोल 96.65 रुपये और डीजल 89.82 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर है। वहीं गाजियाबाद में पेट्रोल 94.58 रुपये और डीजल 87.67 रुपये प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 94.69 रुपये और डीजल 87.91 रुपये प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 105.23 रुपये और डीजल 92.09 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

# अर्थव्यवस्था में तेजी से नवंबर में पेट्रोल, डीजल, जेट ईंधन की अधिक बिक्री हुई

**- त्योहारी महीने में ईंधन की मांग बढ़ने से पेट्रोल बिक्री 8.3 प्रतिशत बढ़ी**

**नई दिल्ली ।**

भारत में सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार इस साल नवंबर में पेट्रोल, डीजल और जेट ईंधन की बिक्री में पिछले साल की समान अवधि की तुलना में बढ़ोतरी हुई है। यह वृद्धि देश में आर्थिक गतिविधियों के उच्च स्तर को दर्शाती है। त्योहारी महीने में ईंधन की मांग में वृद्धि के कारण इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम की पेट्रोल बिक्री नवंबर में 8.3 प्रतिशत बढ़कर 3.1 मिलियन टन हो गई।

जिसकी तुलना में पिछले साल इसी महीने में 2.86 मिलियन टन की खपत हुई थी। ईंधन की बिक्री में सरकारी स्वामित्व वाली इन दिग्गज कंपनियों का हिस्सा 90 प्रतिशत से अधिक है।

इसी तरह राजमार्गों पर माल की आवाजाही बढ़ने और रबी फसल की बुवाई के मौसम के दौरान कृषि क्षेत्र की बढ़ती मांग के कारण नवंबर के दौरान डीजल की खपत 5.9 प्रतिशत बढ़कर 7.2 मिलियन टन हो गई। वहीं देश में हवाई यात्रा में वृद्धि के कारण नवंबर के दौरान जेट ईंधन (एटीएफ) की बिक्री में सालाना आधार पर 3.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 6,50,900 टन हो गई।

अक्टूबर में 6,36,100 टन ईंधन की बिक्री की तुलना में यह मासिक आधार पर 2.3 प्रतिशत अधिक थी।

सरकार द्वारा गरीबों के कल्याण के लिए शुरू की गई विभिन्न योजनाओं के तहत अधिक घरों ने रसोई गैस का उपयोग करना शुरू कर दिया है, इसके परिणामस्वरूप नवंबर में एलपीजी की बिक्री भी सालाना आधार पर 7.3 प्रतिशत बढ़कर 2.76 मिलियन टन हो गई। इसके अलावा आर्थिक गतिविधि में वृद्धि नवंबर में जीएसटी संग्रह में उछाल से भी देखी जा सकती है, जो 8.5 प्रतिशत बढ़कर 1.8 लाख करोड़ रुपये हो गई। वित्त मंत्रालय की मासिक आर्थिक समीक्षा में भी आर्थिक गतिविधि के कई हाई-फ्रीक्वेंसी इंडिकेटर में भी उछाल की जानकारी मिलती है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष के लिए अपने सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर के पूर्वानुमान को 7.2 प्रतिशत पर बरकरार रखा है।

# नवंबर में घरेलू बाजार में कारों और एसयूवी की बिक्री में बढ़ोतरी

**-प्रमुख कंपनियों का बेहतरीन प्रदर्शन, ऑटो उद्योग के लिए सकारात्मक संकेत**

**नई दिल्ली।** घरेलू बाजार में नवंबर महीने में कारों और एसयूवी की बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। प्रमुख कंपनियों जैसे मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स और टोयोटा किर्लोस्कर ने अपने थोक बिक्री आंकड़ों में बढ़ोतरी दर्ज की है, जो भारतीय ऑटो उद्योग के लिए सकारात्मक संकेत हैं। मारुति सुजुकी ने नवंबर 2023 में 1,41,312 यूनिट्स की घरेलू यात्री वाहन बिक्री की, जो पिछले साल की इसी अवधि में 1,34,158 यूनिट्स से ज्यादा है। खासकर एसयूवी सेगमेंट में रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। मारुति के पॉपुलर मॉडल जैसे ब्रेजा, ग्रैंड विटारा और जिम्नी की बिक्री में वृद्धि देखी गई और यह नवंबर 2023 में 49,016 यूनिट्स से बढ़कर 59,003 यूनिट्स हो गई। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने नवंबर 2024 में 25,586 यूनिट्स की मासिक बिक्री की जो पिछले साल इसी माह में बेची गई 17,818 यूनिट्स से 44 फीसदी ज्यादा है। कंपनी ने 1,140 यूनिट्स का निर्यात भी किया। टीकेएम के वाइस प्रेसिडेंट ने बताया कि कंपनी ने अपनी उत्पाद रेंज में विविधता लाते हुए हैचबैक से लेकर एसयूवी तक के वाहन पेश किए हैं, जो कई ग्राहकों की लाइफस्टाइल के मुताबिक उपयुक्त हैं। टाटा मोटर्स ने नवंबर 2024 में 47,117 यूनिट्स की यात्री वाहनों की बिक्री दर्ज की, जो सालाना आधार पर 2 फीसदी बढ़ोतरी को दर्शाता है। हालांकि, वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री में 1 फीसदी की गिरावट आई, जो 27,636 यूनिट्स रही। नवंबर 2024 में टाटा मोटर्स की कुल वाहन बिक्री बढ़कर 74,753 यूनिट्स हो गई, जबकि पिछले साल यह आंकड़ा 74,172 यूनिट्स था। हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) ने नवंबर में 61,252 यूनिट्स की कुल बिक्री की, जिसमें से 48,246 यूनिट्स घरेलू बिक्री के थे और 13,006 यूनिट्स का निर्यात किया गया। हालांकि, कंपनी की कुल बिक्री में मामूली गिरावट आई है। एचएमआईएल के सीईओ ने बताया कि कंपनी ने एसयूवी सेगमेंट में अपनी स्थिति मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया था और इस सेगमेंट ने घरेलू बिक्री में 68.8 फीसदी का योगदान दिया। इसके अलावा, कंपनी की ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंच भी मजबूत हुई, जहां नवंबर में बिक्री का 22.1 फीसदी हिस्सा आया। नवंबर के आंकड़े दर्शाते हैं कि भारतीय ऑटो उद्योग में बढ़ोतरी बनी हुई है और कंपनियां अपनी बिक्री को बढ़ाने के लिए कई सेगमेंट में नयापन ला रही है।

# नया जीएसटी स्लैब से ठंडे पेय पदार्थों, तंबाकू उत्पादों पर बढ़ा सकता है टैक्स

**– वर्तमान में तंबाकू उत्पादों पर लगता है 28 प्रतिशत का टैक्स**

**नई दिल्ली ।**

मंत्रियों के समूह ने तंबाकू, तंबाकू उत्पादों और ठंडे पेय के लिए एक नया जीएसटी स्लैब की सिफारिश की है, जिससे इन पदार्थों पर 35 प्रतिशत का टैक्स लग सकता है। वर्तमान में इन उत्पादों पर 28 प्रतिशत का टैक्स लगता है। इसके साथ ही लक्जरी वस्तुओं पर भी टैक्स में वृद्धि की सिफारिश की गई है। 21 दिसंबर को आंध्रप्रदेश में होने वाली जीएसटी परिषद की बैठक में इस मामले पर चर्चा होने की उम्मीद है। इस बैठक में अन्य मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा, जिसमें 18 प्रतिशत से बढ़ाकर 28 प्रतिशत करने की सिफारिश भी शामिल है। सरकार को अतिरिक्त राजस्व मिलने की उम्मीद है जिससे इसे विपणन और विक्रय में वृद्धि की जाए। जीएसटी परिषद की अगली बैठक में इसकी समीक्षा की जाएगी, जहां नई स्लैब संरचना पर भी विचार होगा। जीओएम ने अभ्यास पुस्तकों और पैकेज्ड पेयजल पर टैक्स कम करने की सिफारिश दी है, जो सामान्य जनता के आवश्यक उत्पादों के लिए काफी भविष्यवाणी है। इसके साथ ही उन्होंने भी संशोधित स्लैब जारी की है जिसमें किसी भी कपड़े की मूल्य 10,000 रुपये से कम है तो 5 प्रतिशत, 10,000 रुपये से अधिक लेकिन 1,500 रुपये तक के उत्पादों पर 18 प्रतिशत और 10,000 रुपये से अधिक की किमत वाले उत्पादों पर 28 प्रतिशत का टैक्स लगाने की सिफारिश की है। इन सुझावों से मानव जीवन की आवशे यके ताओं पर किया जा रहा कर बोझ कम होने की उम्मीद है, जिससे नागरिकों को आर्थिक हरकत में सुधार मिल सके।

## रुपया बढ़त पर बंद

**मुंबई ।**



अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को रुपया पांच पैसे की बढ़त पर बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह वैश्विक बाजारों में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी की वजह से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई जिससे रुपया मंगलवार को शुरुआती कारोबार में चार पैसे की गिरावट के साथ अपने सर्वकालिक निचले स्तर 84.76 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि रुपये में गिरावट की मुख्य वजह डोनाल्ड ट्रंप की ब्रिक्स मुद्रा को लेकर दी गई चेतावनी, यूरोक्षेत्र में राजनीतिक अस्थिरता, कमजोर घरेलू समष्टि आर्थिक संकेतक और निरंतर विदेशी पूंजी की निकासी रही। रुपया सोमवार को 12 पैसे की गिरावट के साथ अपने सर्वकालिक निचले स्तर 84.72 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.07 फीसदी की बढ़त के साथ 106.51 पर रहा।



## अमेरिका ने चीन की और कंपनियों पर कसी लगाम

**कंप्यूटर चिप, चिप बनाने के उपकरण तथा सॉफ्टवेयर बनाने वाली कई कंपनियां शामिल**

**बैंकॉक ।** अमेरिका के वाणिज्य मंत्रालय ने अपनी निर्यात नियंत्रण पहल का विस्तार करते हुए चीन की और कंपनियों पर लगाम कसने की तैयारी कर ली है। इसमें कंप्यूटर चिप, चिप बनाने के उपकरण तथा सॉफ्टवेयर बनाने वाले उपकरण बनाने वाली कई कंपनियां शामिल हैं। इस तथाकथित इकाई सूची में शामिल की गई 140 कंपनियों में से करीब सभी चीन में स्थित हैं। हालांकि जापान, दक्षिण कोरिया और सिंगापुर में चीनी स्वामित्व वाली कुछ कंपनियों को भी इसमें शामिल किया गया है। इन कंपनियों के इकाई सूची में शामिल होने से तात्पर्य है कि इनके साथ व्यापार करने की कोशिश करने वाली किसी भी अमेरिकी कंपनी को निर्यात लाइसेंस देने से इनकार कर दिया जाएगा। संशोधित नियम सोमवार को अमेरिकी संघीय रजिस्टार की वेबसाइट पर साझा किए गए। नियम चीन को उच्च बैंडविड्थ मेमोरी चिप के निर्यात को भी सीमित करते हैं। कृत्रिम मेधा जैसे उन्नत अनुप्रयोगों में भारी मात्रा में डेटा को संसाधित करने के लिए ऐसी चिप की आवश्यकता होती है। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने इसका विरोध जताया और कहा कि वह अपने 'अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए काम करेगा।

## एचडीएफसी बैंक के शेयरों में ब्लॉक डील से मार्केट कैप नए ऊंचाई पर

**- डील में 21.7 लाख शेयरों का लेनदेन हुआ**

**मुंबई ।** एचडीएफसी बैंक के शेयरों में एक बड़ी ब्लॉक डील की खबर आई है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, इस डील में 21.7 लाख शेयरों का लेनदेन हुआ, जिसके कारण शेयर की कीमत 1,837.40 रुपए तक पहुंच गई, जो एक नया ऑल-टाइम हाई है। इससे बैंक का मार्केट कैप एक बार फिर 14 लाख करोड़ के पार पहुंच गया। ब्लॉक डील के पहले 12 महीनों के प्रदर्शन के आधार पर बैंक के शेयर ने करीब 14 फीसदी का रिटर्न दिया है, जो निफ्टी के 18 फीसदी के रिटर्न से कुछ कम है। मुख्य वजह समेत, 25 नवंबर को एमएससीआई इंडेक्स में रीबैलेंसिंग के बाद बैंक के वेटेज में बढ़ोतरी हुई थी और इसके बाद बैंक में 1.88 अरब डालर का पैसिव निवेश भी आया था। एचडीएफसी बैंक के शेयर बाजार में मजबूत मोमेंटम दर्ज कर रहे हैं और श्रेष्ठता के मान्यता देते हुए विशेषज्ञों का मानना है कि रीबैलेंसिंग और मजबूत फंडामेंटल्स के कारण बैंक के शेयर में और भी तेजी आ सकती है। वर्तमान मे एचडीएफसी बैंक के साझेदार और निवेशकों के लिए यह सुनहरा समय हो सकता है।

## भारतीय रिजर्व बैंक ने निष्क्रिय खातों को लेकर जताई नाराजगी

**आरबीआई ने बैंकों को निष्क्रिय खातों को तत्काल सक्रिय करने के दिए निर्देश**

**नई दिल्ली ।** भारतीय रिजर्व बैंक ने हाल ही में बैंकों को चेतावनी दी है कि वे निष्क्रिय खातों की संख्या कम करें और उन्हें तत्काल सक्रिय करें। इस निर्देश के पीछे का कारण है रिजर्व बैंक की चिंता की बढ़ती मात्रा पर जिसमें निष्क्रिय खातों में पड़ी धनराशि की बढ़ती संभावना मानी जा रही है। वे बैंकों से प्राथमिकता के साथ ऐसे निष्क्रिय खातों को सक्रिय करने की मांग कर रहे हैं। निष्क्रिय खातों से संबंधित समस्याओं को उजागर करने वाले आरबीआई के पर्यवेक्षण विभाग के एक विश्लेषण से पता चला है कि कई बैंकों में निष्क्रिय या फ्रीज खातों में निरपेक्ष रूप से अधिक धनराशि जमा हो रही है जिससे बैंकों को संदेह हो रहा है। इन खातों में बड़ी संख्या सरकारी योजनाओं के लाभ वाले लाभार्थियों के खातों की है, जो डीबीटी से जुड़े हैं। आरबीआई ने बैंकों को विभिन्न उपायों के साथ खाताधारकों को सक्रिय करने का निर्देश दिया है। उन्होंने बैंकों को निष्क्रिय/जमा किए गए खातों की संख्या कम करने के लिए तत्काल कदम उठाने की सलाह दी है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने सुझाव दिया है कि बैंक मोबाइल/इंटरनेट बैंकिंग, विभिन्न शाखाओं और वीडियो ग्राहक पहचान प्रक्रिया के माध्यम से खाताधारकों का केवाईसी निर्बाध अद्यतन करने का मार्गदर्शन दिया है।

## नवंबर में बेरोजगारों की संख्या 34 लाख घटी

**- पांच लाख को ही मिला रोजगार**


नई दिल्ली ।

देश में बेरोजगारी दर में नवंबर महीने में थोड़ी कमी देखने का अनुमान है, लेकिन बेरोजगारों की संख्या में एक बड़ी गिरावट आई है। अक्टूबर महीने में देश में 8.7 फीसदी बेरोजगारी दर थी, जो नवंबर में 8 फीसदी हो गई है। एक रिपोर्ट के अनुसार, नवंबर में बेरोजगारों की संख्या में 34 लाख की गिरावट देखने को मिली है। केवल 5 लाख लोगों को ही रोजगार मिल पाया। इस डेटा के मुताबिक, श्रम बाजार गिरावट के बावजूद ठंडा पड़ गया है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि इसमें त्योहारों का असर भी हो सकता है। नवंबर महीने में करीब 29 लाख लोगों ने श्रम बाजार छोड़ दिया। देश में अक्टूबर महीने में 3.97 करोड़ बेरोजगार थे, जो नवंबर में 3.62 करोड़ रह गई है। बेरोजगारी से ग्रस्त लोगों में से 30 लाख लोगों ने रोजगार की तलाश बंद कर दी है, लेकिन इन्हें फिर से रोजगार मिलने की उम्मीद है। दिसंबर में अतिरिक्त रोजगार देने की उम्मीद है, लेकिन बेरोजगारी दर का अधिक होने का खतरा भी बना रहेगा। देश में बेरोजगारी दर अक्टूबर में 8.7 फीसदी के उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद नवंबर, 2024 में घटकर 8 फीसदी रह गई। इस दौरान बेरोजगारों की संख्या में 34 लाख की बड़ी गिरावट देखने को मिली, जबकि रोजगार सिर्फ पांच लाख लोगों को ही मिला। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले माह घटने के बावजूद बेरोजगारी दर अब भी अधिक है। नवंबर लगातार दूसरा महीना रहा, जब बेरोजगारी दर 8 फीसदी या उससे अधिक रही है।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को बढ़त पर बंद हुआ। बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आया है। बैंकिंग, मेटल के अलावा तेल कंपनियों के शेयरों में तेजी से भी बाजार को बल मिला। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 597.67 अंक करीब 0.74 फीसदी बढ़कर 80,845.758 पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 181.10 अंक तकरीबन 0.75 फीसदी ऊपर आकर 24,457.15 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 25 शेयर बढ़त पर बंद हुए। अदाणी पोर्ट्स, एनटीपीसी, एक्सिस बैंक, एसबीआई और एलएंडटी सेंसेक्स के सबसे अधिक लाभ वाले पांच शेयर रहे। इसके अलावा, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा मोटर्स, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस, एचसीएल टेक, इंडसइंड बैंक, बजाज फिनसर्व, टीसीएस, टाइटन, जेएसडब्लयू स्टील, पावर ग्रिड, इंफोसिस, एमएंडएम, बजाज फाइनेंस, नेस्ले इंडिया, आईसीआईसीआई बैंक, टेक महिंद्रा, एचयूएल, टाटा स्टील, मारुति के शेयर भी उछले। इसी प्रकार से, निफ्टी के 41 शेयरों में तेजी रही , जबकि 9 शेयर नीचे आये।




वहीं दूसरी ओर सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 5 शेयर लाल निशान पर बंद हुए। भारती एयरटेल, आईटीसी, एशियन पेंट्स, सन फार्मा और कोटक बैंक सेंसेक्स के नुकसान वाले पांच शेयर रहे। आज कारोबार के दौरान व्यापक बाजारों में, बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांकों में 1 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। जबकि निफ्टी मिडकैप100 और निफ्टी स्मॉलकैप100 इंडेक्स क्रमशः 0.89 फीसदी और 0.84 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुए। निफ्टी एफएमसीजी और फार्मा को छोड़कर सभी सेक्टोरल इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए। निफ्टी पीएसयू बैंक और मीडिया इंडेक्स 2 फीसदी से अधिक की बढ़त के साथ बंद हुए। इसके बाद बैंक निफ्टी, ओएमसी और मेटल इंडेक्स सभी 1 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुए।

एशियाई बाजारों में सियोल, टोक्यो, शंघाई और हांगकांग बढ़त पर बंद हुए जबकि यूरोपीय बाजार लाभ में कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजारों में सोमवार को बढ़त रही।

वहीं पिछले कारोबारी सत्र यानी सोमवार को भारतीय शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुए थे।

इससे पहले आज सुबह बाजार की शुरुआत बढ़त के साथ हुई। दोनों प्रमुख इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी में बढ़त देखने को मिली। सेंसेक्स 281 अंक के उछाल के साथ 80,529.20 अंक पर खुला। इसी तरह निफ्टी भी 91.45 अंक की तेजी के साथ 24,367.50 के लेवल पर खुला।

# मोबाइल मैलवेयर हमलों के मामले में भारत सबसे आगे: रिपोर्ट

**- जून 2023 से मई 2024 के बीच कुल हमलों में से 28 फीसदी हमले भारत में हुए**

**नई दिल्ली ।**

भारत में मोबाइल मैलवेयर हमले बढ़ रहे हैं, जो एक चिंताजनक विकास है। एक रिपोर्ट के अनुसार इस समय भारत मोबाइल मैलवेयर हमलों का सबसे बड़ा निशाना बन गया है। जून 2023 से मई 2024 के बीच कुल हमलों में से 28 फीसदी हमले भारत में हुए हैं, जो काफी चिंताजनक है। रिपोर्ट बताती है कि बैंकिंग मैलवेयर हमलों में 29 फीसदी की वृद्धि और मोबाइल स्पाइवेयर हमलों में 111 फीसदी की चौंका देने वाली वृद्धि हुई है। इससे दिखता है कि साइबर खतरे भारत में तेजी से बढ़ रहे हैं। भारतीय उद्यमों के लिए इस बढ़ते संकट का सामना करना महत्वपूर्ण है। एक` रिपोर्ट के अनुसार लीगेसी सिस्टम और असुरक्षित आईओटी/ओटी परिवेश साइबर अपराधियों का मुख्य निशाना बन रहे हैं। इसलिए उद्यमों को अपने सुरक्षा ढांचे को मजबूत करने की जरूरत है ताकि उन्हें साइबर हमलों से बचाया जा सके। चिंताजनक बात यह है कि गूगल प्ले स्टोर पर 200 से अधिक खतरनाक ऐप थे जो संकेत करते हैं कि सुरक्षा के मामले में हमें और भी सतर्क रहना चाहिए। आईओटी मैलवेयर में भी 45 फीसदी की वृद्धि होना भी गंभीर बात है, जो साइबर खतरों की चुनौतियों को दिखाता है। भारत को लेन-देन सुरक्षा में सुधार करने की जरूरत है ताकि उन्हें साइबर




अपराधों से निपटने में मदद मिल सके। यहाँ तक कि भारत ने एपीएसी क्षेत्र में भी अपनी स्थिति सुधारी है, जो एक सकारात्मक वातावरण बनाने के लिए एक अच्छा उदाहरण है।

## एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी के शेयरों ने शेयर बाजार में जबरदस्त प्रदर्शन किया

**- शेयर 10 फीसदी की तेजी के साथ 142.10 रुपए पर पहुंच गए**

**मुंबई ।**

हाल ही में लिस्ट हुई कंपनी एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के शेयरों ने शेयर बाजार में जोरदार प्रदर्शन किया है। बीएसई पर मंगलवार को शेयर 10 फीसदी की तेजी के साथ 142.10 रुपए पर पहुंच गए, जो कंपनी के लिस्टिंग के बाद का सबसे बड़ा उछाल है। 27 नवंबर को लिस्टिंग के बाद यह पहला मौका है जब कंपनी के शेयरों में अपर सर्किट लगा। सोमवार को शेयर 129.20 रुपए पर बंद हुए थे, जिससे निवेशकों को मिले शानदार रिटर्न। शेयर अब तक 31 फीसदी की वृद्धि दर्ज कर चुके हैं। ग्रीन एनर्जी सेक्टर में बढ़ते निवेश और कंपनी की मजबूत स्थिति के कारण विश्लेषकों का मानना है कि कंपनी के शेयरों में और भी तेजी जारी रह सकती है। एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी का बाजार पूंजीकरण 1.19 लाख करोड़ रुपए के पार चला गया है, जो दर्शाता है कि इसकी मान्यता बाजार में बढ़ती जा रही है। शेयर के स्थिर ग्रोथ और निवेशकों के विश्वास के साथ, एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी ने अपने आईपीओ से कुल 10,000 करोड़ रुपए जुटाए थे, जो इसके भविष्य की रोशनी में और भी उजागर करता है। शेयर के आने वाले दिनों में और भी बढ़ती मांग का आगामी मंज़र नजर आ रहा है।

# भारत /ऑस्ट्रेलिया : जायसवाल की नजरें सचिन का रिकॉर्ड तोड़ने पर, ब्रैडमैन की बराबरी करना चाहेंगे कोहली

**एडिलेड (ऑस्ट्रेलिया) (एजेंसी)।** भारत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड में होने वाले पिंक-बॉल टेस्ट के लिए तैयार है। जहां टीम इंडिया जीत दर्ज करते हुए सीरीज में पकड़ मजबूत करना चाहेगी। वहीं भारतीय बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और विराट कोहली महान सचिन तेंदुलकर और डॉन ब्रैडमैन से आगे निकलने की कोशिश करेंगे।

22 वर्षीय युवा जायसवाल रिकॉर्ड तोड़ने की होड़ में हैं। साल के अधिकांश समय घरेलू परिस्थितियों में दबदबा बनाए रखने के बाद इस युवा खिलाड़ी ने पहले टेस्ट के दौरान पर्थ में 161 रनों की शानदार पारी खेलकर ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों पर विजय प्राप्त की। इस साल अब तक जयसवाल ने 58.18 की औसत और 72.52 की स्ट्राइक रेट से 1,280 रन बनाए हैं, जिसमें 3 शतक और 7 अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 214* है।

यह युवा खिलाड़ी एक कैलेंडर वर्ष के दौरान किसी भारतीय द्वारा सर्वाधिक टेस्ट रन बनाने के सचिन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ने से 282 रन दूर है। 2010 में सचिन ने 14 टेस्ट और 23 पारियों में 78.10 की औसत से 1,562 रन बनाए जिसमें सात शतक और पांच अर्द्धशतक शामिल थे। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 214 था। एक कैलेंडर वर्ष में सबसे अधिक टेस्ट रन पाकिस्तान के बल्लेबाजी दिग्गज मोहम्मद यूसुफ के नाम हैं जिन्होंने 2006 में 11 मैचों और 19 पारियों में 99.33 की औसत से 1,788 रन बनाए थे। उन्होंने 202 के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ 9 शतक और तीन अर्द्धशतक बनाए। दूसरी ओर विराट कोहली ब्रैडमैन के रिकॉर्ड की बराबरी करने से एक शतक दूर हैं। विराट ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनके घर में 10 अंतरराष्ट्रीय शतक बनाए हैं, विराट का एक और शतक उन्हें ब्रैडमैन की बराबरी पर ले आएगे जिन्होंने अपने पूरे करियर में प्रतिद्वंदि इंग्लैंड के खिलाफ उन्हीं के घर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 11 शतक बनाए हैं।





## वेंकटेश नहीं रहाणे होंगे केकेआर के कप्तान



**मुम्बई (एजेंसी)।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इस बार आईपीएल नीलामी में ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर को 23.75 करोड़ रुपए में खरीदा है जिसके बाद माना जा रहा था कि वेंकटेश को कप्तानी मिलेगी। वहीं अब कहा जा रहा है कि मुंबई के रणजी ट्रॉफी कप्तान आजिंक्य रहाणे को ही केकेआर की कप्तानी मिलेगी। रहाणे को पिछले हफ्ते जेद्दा में मेगा नीलामी में उनके आधारमूल्य 1.5 करोड़ रुपए में शामिल किया गया था। वहीं एक रिपोर्ट में कहा गया है कि रहाणे ही केकेआर के नए कप्तान होंगे। केकेआर ने उन्हें कप्तानी के लिए एक बेहतर विकल्प के तौर पर ही शामिल किया है। वेंकटेश को आईपीएल 2025 में टीम की कमान संभालने के लिए चुना गया था, वह टीम की गतिशीलता को समझते हैं, जहां उन्होंने चार साल बिताए हैं और मध्य प्रदेश के साथ फ्रेंचाइजी के मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित के कार्यकाल के दौरान उनके साथ काम किया है। केकेआर द्वारा वेंकटेश को फिर से साइन किए जाने के कुछ ही पल बाद उन्होंने कहा कि वह आने वाले आईपीएल सीजन में नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, मैंने हमेशा माना है कि कप्तानी सिर्फ एक टैग है, लेकिन नेतृत्व का मतलब ऐसा माहौल बनाना है जहां हर कोई महसूस करे कि वह इस टीम के लिए खेल सकता है और योगदान दे सकता है। अगर मुझे जिम्मेदारी दी जाती है, तो मैं इसे करने में बहुत खुश होऊंगा।

## वेस्टइंडीज ने ग्रीव्स और आमिर को बांग्लादेश के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के लिए टीम में शामिल किया

**सेंट जॉन्स (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज ने ऑलराउंडर जस्टिन ग्रीव्स और अनकैप्ड कीपर-बल्लेबाज आमिर जंगू को इसी माह 8 दिसंबर से बांग्लादेश के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैचों की घरेलू एकदिवसीय सीरीज के लिए अपनी टीम में शामिल किया है। वहीं स्पिनर हेडन वॉल्श जूनियर और युवा बल्लेबाज ज्वेल एंड्रयू को टीम से बाहर कर दिया है हालांकि इन दोनो ने घरेलू मैदान पर इंग्लैंड को 2-1 से हराया था। वहीं टीम में शामिल ग्रीव्स के पांच मैचों में 133.66 की औसत से तीन शतकों के साथ 401 रन और जंगू के सात मैचों में 89.20 की औसत से एक शतक और तीन अर्द्धशतकों के साथ 446 रन है। इन दोनों ने वेस्टइंडीज में घरेलू क्रिकेट में अच्छे प्रदर्शन के बल पर टीम में जगह बनाई है। हाल ही में सुपर50 एकदिवसीस टूर्नामेंट में दोनों ने सबसे ज्यादा रन बनाये थे।

ग्रीव्स ने वेस्टइंडीज के लिए तीन टेस्ट और पांच एकदिवसीय मैच खेले हैं जबकि आमिर ने अभी तक अपना अंतरराष्ट्रीय डेब्यू नहीं किया है। अनुभवी शाई होप एक बार फिर ब्रैंडन किंग के साथ सीरीज के दौरान वेस्टइंडीज की कप्तानी करेंगे, जबकि अल्जारी जोसेफ, शमर जोसेफ और जेडन सील्स तेज गेंदबाजी आक्रमण की कमान संभालेंगे। वेस्टइंडीज के कोच डैरेन सैमी को भी इस सीरीज से काफी उम्मीदें है। उनका कहना है कि टीम चयन दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में होने वाले आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2027 को लेकर किया गया है। सैमी ने कहा, हम आईसीसी पुरुष 50 ओवर के विश्व कप को लेकिर अपनी तैयारियां कर रहे हैं, इसी कारण से हम सीरीज जीतने के साथ ही खिलाड़ियों के पूल को व्यापक बनाना चाहते हैं, खासकर घरेलू मैदान पर। हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ जीत से भी हमारी उम्मीदें बढ़ी हैं।

### वेस्टइंडीज की टीम

शाई होप (कप्तान), ब्रैंडन किंग (उपकप्तान), कीसी कार्टी, रोस्टन चेस, मैथ्यू फोर्ड, जस्टिन ग्रीव्स, शिमरॉन हेटमायर, आमिर जंगू (विकेट कीपर), अल्जारी जोसेफ, शमर जोसेफ, एविन लुईस, गुडाकेश मोटी, शेरफेन रदरफोर्ड, जेडन सील्स, रोमारियो शेफर्ड

## बुमराह एंड कंपनी का सामना करने के लिए तैयार हैं ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज: एलेक्स कैरी

**एडिलेड (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने कहा कि उनकी टीम एकजुट है और उन्हें विश्वास है कि छह दिसंबर से यहां शुरू होने वाले दूसरे दिन रात्रि क्रिकेट मैच में उनके बल्लेबाज जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाले भारतीय आक्रमण का सामना करने के लिए बेहतर रणनीति के साथ मैदान पर उतरेंगे।

बुमराह ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट मैच में आठ विकेट लेकर भारत की 295 रन से बड़ी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज इस मैच में नहीं चल पाए थे जिससे गेंदबाजों पर भी दबाव बढ़ा। कैरी ने कहा, 'वह (बुमराह) निश्चित तौर पर शानदार गेंदबाज हैं और वह पिछले कई वर्षों से लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। हमारे बल्लेबाज भी विश्वस्तरीय हैं और हमेशा समाधान निकालने के तरीके ढूंढते हैं।'




उन्होंने कहा, 'हमने उसकी गेंदबाजी का आकलन किया है। उम्मीद है कि हम उसके पहले दूसरे स्पेल का सामना करने में सफल रहेंगे। हमने पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी में देखा था कि किस तरह से ट्रैविस हेड ने जवाबी हमला किया था।' कैरी ने कहा, 'हमें अपने बल्लेबाजों पर पूरा भरोसा है। हम केवल बुमराह ही नहीं, उनके अन्य गेंदबाजों का सामना करने के लिए तरीका ढूंढ लेंगे। भारत पहले टेस्ट मैच में कुछ नए गेंदबाजों के साथ उतरा था और उन्होंने भी अच्छी गेंदबाजी की थी।'

ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 534 रन का असंभव लक्ष्य मिलने के बाद जोश हेजलवुड ने मीडिया को अपने बल्लेबाजों से यह पूछने के लिए कहा था कि उन्होंने दूसरी पारी के लिए क्या रणनीति बनाई है। इसके बाद बल्लेबाजों और गेंदबाजों के बीच दरार की अफवाहें फैल गईं। कैरी ने हालांकि इस तरह की अफवाहों को खारिज कर दिया कि ऑस्ट्रेलिया के ड्रेसिंग रूम में किसी तरह का तनाव है।

उन्होंने कहा, 'अगर आप बल्लेबाजों से पूछें, तो हम सभी बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं और (एक क्रिकेटर के रूप में) आप शतक बनाने के लिए वहां जाते हैं और यदि आप ऐसा नहीं करते हैं, तो मुझे लगता है कि आप कई बार निराश होते हैं।' कैरी ने कहा, 'लेकिन हमारी टीम एकजुट है। हम सभी को बल्लेबाजी करने का मौका मिलता है और हम सभी बड़े स्कोर बनाने के लिए उत्सुक हैं और मुझे विश्वास है कि हमारे खिलाड़ी ऐसा करने में सफल रहेंगे।'

## डॉन ब्रैडमैन की प्रतिष्ठित 'बैगी ग्रीन' नीलाम, लगी भारी भरकम बोली

सिडनी : ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज डॉन ब्रैडमैन की भारत के खिलाफ 1947-48 की सीरीज की 'बैगी ग्रीन' टेस्ट कैप 390,000 डॉलर (2.14 करोड़ रुपए) में बिकी, जो नीलामी शुल्क के बाद बढ़कर 479,700 डॉलर (2.63 करोड़ रुपए) हो गई। यह कैप ब्रैडमैन द्वारा पहनी गई एकमात्र 'बैगी ग्रीन' माना जाता है, का ऐतिहासिक महत्व बहुत अधिक है। 1947-48 की सीरीज में ब्रैडमैन का प्रदर्शन असाधारण से कम नहीं था। घरेलू धरती पर अपनी अंतिम टेस्ट सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने 178.75 की औसत से सिर्फ छह पारियों में 715 रन बनाए, जिसमें तीन शतक और एक दोहरा शतक शामिल था।



## ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्मिथ अभ्यास के दौरान चोटिल हुए

एडीलेड। भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ होने वाले दूसरे किकेट टेस्ट मैच से पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम खिलाड़ियों के चोटिल होने से परेशान है। ऑलराउंडर मिचेल मार्श और तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड के बाद अब बल्लेबाज स्टीव स्मिथ भी अभ्यास सत्र के दौरान चोटिल हो गये। स्मिथ जैसे अनुभवी बल्लेबाज का चोटिल होना टीम के लिए करार झटका है। पहला टेस्ट पर्थ में खेला गया जिसे भारतीय टीम ने जीत लिया। इसके बाद अब दूसरा टेस्ट 6 दिसंबर से एडिलेड में खेला जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्मिथ साथी बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन से थ्रोडाउन का अभ्यास कर रहे थे तभी उनके दाहिने अंगूठे में चोट लग गई। इसपर स्मिथ ने बल्लेबाजी रोक दी और दर्द से कराहते नजर आए। इसके बाद उन्होंने लाबुशेन से बात की। ऑस्ट्रेलिया के मेडिकल स्टाफ के एक सदस्य ने आकर स्मिथ के अंगूठे की जांच की। फिर वह नेट से बाहर चले गए। हालांकि, कुछ ही समय बाद स्मिथ ने दूसरे नेट पर बल्लेबाजी शुरू कर दी और ऐसा नहीं लगा कि वह अधिक दर्द में हैं। ऐसे में ये संभव है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम दूसरे टेस्ट से पहले उनकी चोट का आंकलन करने के बाद उनके खेलने पर फैसला करे। स्मिथ पर्थ में पहली पारी में शून्य पर ही आउट हो गये थे जबकि दूसरी पारी में वह 17 रन ही बना पाये थे। अब दोनों टीमों के बीच गुलाबी गेंद से दूसरा टेस्ट खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलियाई टीम का रिकॉर्ड गुलाबी गेंद से काफी अच्छा है। जिस कारण टीम इंडिया को सतर्क रहना होगा।



## रोहित 5वें या छठे नंबर पर नहीं, शीर्ष क्रम पर ही उतरेंगे : हरभजन



नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा है कि कप्तान रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड टेस्ट में 5वें या छठे नंबर पर नहीं उतरेंगे। हरभजन के अनुसार रोहित जैसे अनुभवी खिलाड़ी के लिए इस क्रम पर आना टीम के लिए लाभदायक नहीं रहेगा। ऐसे में वे या तो पारी की शुरुआत करेंगे या फिर तीसरे नंबर पर उतरेंगे। रोहित पहले टेस्ट से बाहर थे। ऐसे में केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल ने पर्थ टेस्ट में पारी की शुरुआत करते हुए अच्छा प्रदर्शन किया था। इस जोड़ी ने दूसरी पारी में पहले विकेट के लिए रिकॉर्ड 201 रन जोड़े थे। इसके बाद से ही कई पूर्व खिलाड़ियों ने कहा है कि सलामी जोड़ी को तोड़ना ठीक नहीं होगा और रोहित किसी और क्रम पर उतरें। इसी को लेकर हरभजन ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि रोहित 5वें या छठे नंबर पर आएंगे। वह यशस्वी के साथ पारी की आगाज करेंगे और राहुल तीसरे नंबर पर आएंगे या फिर वह तीसरे नंबर पर उतरेंगे। उन्होंने कहा कि रोहित के लिए बल्लेबाजी में छठा क्रम टीम के हित में नहीं होगा। बल्लेबाजी क्रम में आपके शीर्ष 4 खिलाड़ी 4 स्तंभ होने चाहिए और रोहित जैसे किसी खिलाड़ी के शीर्ष पर होने से टीम को और भी मजबूती मिलेगी। 5 मैचों की बॉर्डर गावस्कर सीरीज का दूसरा टेस्ट शुक्रवार से एडिलेड ओवल में शुरू होगा। यह दिन रात्रि टेस्ट होने के कारण गुलाबी गेंद से खेला जाएगा, ऐसे में इस मैच में बल्लेबाजों की कठिन परीक्षा होगी।

## महिलाओं के पहले दृष्टिबाधित टी20 विश्व कप की मेजबानी करेगा भारत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुल्तान में विश्व दृष्टिबाधित क्रिकेट परिषद (डब्ल्यूबीसीसी) की आम सालाना बैठक में अगले साल भारत में होने वाले शुरूआती दृष्टिबाधित महिला टी20 विश्व कप को 'हाइब्रिड मॉडल' के आधार पर कराने का फैसला लिया गया जिसमें पाकिस्तान अपने मैच नेपाल या श्रीलंका में खेलेगा। भारत ने सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान में पुरुष टी20 दृष्टिबाधित क्रिकेट विश्व कप से हटने का फैसला किया था और इसके कुछ हफ्ते बाद ही यह कदम उठाया गया।

महिलाओं के टूर्नामेंट की मेजबानी के अधिकार पिछले साल भारत को दिए गए थे और सोमवार को आम सालाना बैठक में इसकी पुष्टि की गई जिसमें 11 सदस्य देश मौजूद थे। भारत, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड वर्चुअली बैठक में शामिल हुए। भारत में दृष्टिबाधित क्रिकेट संघ (सीएबीआई) के अध्यक्ष जीके महनतेश ने कहा, 'टूर्नामेंट की मेजबानी का अधिकार पिछले साल (2023) ही भारत को दिया गया था। उस समय यह भी तय किया गया था कि अगर पाकिस्तान की टीम के भारत आने में वीजा की समस्या आती है तो टूर्नामेंट 'हाइब्रिड मॉडल' में आयोजित किया जाएगा। पाकिस्तान अपने सभी मैच तटस्थ स्थल पर खेलेगा।' यह पूछने पर कि पाकिस्तान के मैच कहां होंगे तो महनतेश ने कहा, 'पाकिस्तान की दृष्टिबाधित महिला टीम पूरे टूर्नामेंट के दौरान या तो नेपाल में या श्रीलंका में ही रहेगी। भारतीय टीम नेपाल या श्रीलंका में उनके खिलाफ खेलने के लिए जाएगी। पूरे टूर्नामेंट का खर्च हमारा क्रिकेट बोर्ड उठाएगा। हम इन दोनों देशों में से किसी एक में पाकिस्तानी टीम के रहने का पूरा खर्च वहन करेंगे।' सीएबीआई न ही भारतीय क्रिकेट बोर्ड से और न ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से मान्यता प्राप्त है।



## खेलो इंडिया योजना के तहत 2781 खिलाड़ियों की पहचान की गयी : मांडविया

नई दिल्ली। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि खेलो इंडिया योजना के तहत पैरा एथलेटिक्स सहित 21 खेलों के 2781 खिलाड़ियों की पहचान की है और उन्हें खेलो इंडिया प्रतिभा विकास कार्यक्रम के हिस्से के रूप में आवश्यक सहायता प्रदान की जा रही है। मांडविया ने कहा, ''खेलो इंडिया योजना विशिष्ट दिशानिर्देशों और मानदंडों के आधार पर पैरा एथलेटिक्स सहित 21 खेलों में खिलाड़ियों का समर्थन करके अपने खेलो इंडिया प्रतिभा विकास कार्यक्रम के माध्यम से प्रतिभा की पहचान करती है और उन्हें निखारती है।'' उन्होंने कहा, ''आज तक योजना के तहत 2781 खेलो इंडिया खिलाड़ियों (केआईए) की पहचान की गई है जिन्हें कोचिंग, उपकरण, चिकित्सा देखभाल और मासिक आउट ऑफ पॉकेट भत्ता (ओपीए) के माध्यम से सहायता प्रदान की जाती है।'' केआईए के रूप में पहचाने जाने वाले खिलाड़ी भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के तहत राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों के साथ-साथ अन्य मान्यता प्राप्त अकादमियों में प्रशिक्षण ले रहे हैं। मांडविया ने कहा कि यह कार्यक्रम भारत के खेल प्रतिभा पूल को मजबूत कर रहा है और वैश्विक मंच पर देश की बढ़ती सफलता में योगदान दे रहा है। मंत्री ने खेलो इंडिया खिलाड़ियों का ब्योरा भी दिया जिन्होंने 2022 हांगझोउ एशियाई खेलों और पेरिस ओलंपिक में भाग लिया और देश को गौरव दिलाया। उन्होंने कहा, ''चीन के हांगझोउ में 2022 एशियाई खेलों में 644 भारतीय खिलाड़ियों में से 124 केआईए थे और उन्होंने नौ स्वर्ण पदक सहित भारत के 106 पदक में से 42 जीतकर महत्वपूर्ण योगदान दिया।''

## इंग्लैंड और न्यूजीलैंड को लगा झटका, क्राइस्टचर्च टेस्ट के बाद 3-3 डब्ल्यूटीसी अंक गंवाए

**क्राइस्टचर्च (एजेंसी)।** क्राइस्टचर्च में पहले टेस्ट में धीमी ओवर गति के कारण इंग्लैंड और न्यूजीलैंड पर जुर्माना लगाया गया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को कहा कि दोनों टीमों पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) प्रतियोगिता के तीन अंक काटे गए हैं।

आईसीसी ने एक बयान में कहा, 'आईसीसी के मैच रेफरी के एलीट पैनल के डेविड बून ने बेन स्टोक्स और टॉम लैथम की दोनों टीमों पर समय भत्ते को ध्यान में रखने के बाद लक्ष्य से तीन ओवर कम फेंकने के बाद यह जुर्माना लगाया।' खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर गति अपराधों से संबंधित है, खिलाड़ियों पर उनके द्वारा आवंटित समय में गेंदबाजी नहीं करने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है।

इसके अलावा आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की खेल शर्तों के अनुच्छेद 16.11.2 के अनुसार प्रत्येक ओवर कम होने पर टीम को एक अंक का दंड दिया जाता है। दोनों कप्तानों ने अपराध स्वीकार किया और प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं थी। मैदानी अंपायर अहसान रजा और रॉड टकर, तीसरे अंपायर एड्रियन होल्डस्टॉक और चौथे अधिकारी किम कॉटन ने आरोप लगाए। इंग्लैंड ने पहला टेस्ट 8 विकेट से जीता और न्यूजीलैंड के अपने दूसरे डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलने की संभावनाओं को कम कर दिया। हालांकि इंग्लैंड पहले ही हेगले ओवल में 8 विकेट की प्रभावशाली जीत के बावजूद अगले साल के फाइनल में पहुंचने की दौड़ से बाहर हो चुका है, लेकिन प्रतियोगिता के अंकों में कमी न्यूजीलैंड के लिए एक बड़ा झटका है, जो परिणामस्वरूप स्टैंडिंग में बराबर चौथे से सीधे पांचवें स्थान पर आ गया है।

न्यूजीलैंड का अब अंक प्रतिशत (पीसीटी) 47.92 प्रतिशत है और इंग्लैंड के खिलाफ अपने शेष दो मुकाबलों में जीत के साथ ही यह 55.36 प्रतिशत तक ही पहुंच सकता है। इसका मतलब है कि उद्घाटन विश्व टेस्ट चैंपियनशिप विजेताओं को अगले साल जून 2025 में होने वाले एकमात्र टेस्ट के लिए क्वालीफाई करने के लिए कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा, जिसमें इंग्लैंड के खिलाफ दो जीत और कई अन्य परिणाम भी उनके पक्ष में होने चाहिए यदि उन्हें लॉर्ड्स के निर्णायक मैच में पहुंचना है। वर्तमान में भारत 61.11 पीसीटी के साथ सबसे ऊपर है, जबकि पहले टेस्ट में श्रीलंका पर दक्षिण अफ्रीका की जीत ने उन्हें 59.26 पीसीटी के साथ दूसरे स्थान और 57.69 पीसीटी के साथ ऑस्ट्रेलिया को तीसरे स्थान पर रखा।



## योगेश्वर ने विनेश और बजरंग पर निशाना साधा

सोनीपत। पहलवान योगेश्वर दत्त ने विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया पर निशान साधते हुए कहा है कि वे खेल का राजनीतिकरण न करें। वहीं नाडा के पहलवान बजरंग पूनिया को चार साल के लिए निलंबित करने के फैसले पर उन्होंने कहा कि डोप टेस्ट नहीं देने के लिए ही बजरंग पर कार्रवाई हुई है। डोप में फंसने पर भी यही कार्रवाई होती है। बजरंग ने डोप टेस्ट के लिए नमूना नहीं दिया, इसलिए कानून के दायरे में ही ये कार्रवाई हुई है। इसपर कोई सवाल नहीं उठा सकता। वहीं हरियाणा सरकार के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने बजरंग लेकर कहा कि नाडा कानून के हिसाब से काम करती है। इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। कांग्रेस अपनी खेल नीति का आंकलन करे और फिर भाजपा की खेल नीति पर सवाल उठाए। साल 2013 से पहले क्या नीति थी और अब क्या नीति है। हरियाणा के खिलाड़ियों के लिए सरकार अच्छा काम कर रही है, हमें उम्मीद है कि हरियाणा के खिलाड़ी आगे भी अच्छे पदक लेकर आएंगे।

## ईशान की कमी खलेगी : हार्दिक



मुंबई। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन की प्रशंसा करते हुए कहा है कि उसके पास किस प्रकार का कौशल है।हम जानते हैइसलिए इस सत्र में हमें उसकी कमी खलेगी। पंड्या ने कहा कि जब हम उसे रिटेन नहीं कर पाये तभी समझ गये थे कि अब उसे हासिल करना संभव नहीं होगा। ईशान को आईपीएल 2025 के लिए हुई नीलामी में सनराइजर्स हैदराबाद ने 11.25 करोड़ रुपए में खरीदा है। मुंबई इंडियंस ने 3.20 करोड़ रुपये के बाद ईशान पर बोली लगाना बंद कर दिया था। किशन का आधार मूल्य दो करोड़ रुपये था। मुंबई इंडियंस के एक वीडियो में पंड्या ने ईशान को टीम की ताजगी और ऊर्जा बताया है। साथ ही कहा कि जब हम उसे रिटेन नहीं कर पाए तो हमें हमेशा पता था कि उसे नीलामी में फिर से प्राप्त करना कठिन होगा क्योंकि हम जानते थे कि वह किस तरह का खिलाड़ी है और उसके पास किस तरह का कौशल है। उसके टीम के साथ छह साल जुड़े रहने के दौरान ही मुंबई ने 2018-24 के बीच दो बार खिताब जीता। पंड्या ने कहा कि वह हमेशा ड्रेसिंग रूम को उत्साहित बनाये रखता था। यह प्यार और गर्मजोशी उसके लिए बहुत स्वाभाविक थी, हमें उसकी कमी खलेगी।

## पिंक बॉल टेस्ट में भारत का रिकॉर्ड है बेहद खराब, ऑस्ट्रेलियाई खूंखार बल्लेबाजों से रहना होगा सावधान

**एडिलेड (एजेंसी)** भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 6 दिसंबर से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत दूसरा टेस्ट मैच खेलना है। ये मैच एडिलेड में डे-नाइट होगा जो पिंक बॉल से खेला जाएगा। इससे पहले टीम इंडिया ने पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट को जीतकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है।

वहीं पिंक बॉल टेस्ट में भारतीय बल्लेबाजों का रिकॉर्ड ज्यादा अच्छा नहीं रहा है। जबकि डे-नाइट में कंगारू बल्लेबाज ज्यादा खूंखार नजर आते हैं। पिंक बॉल टेस्ट में ऑस्ट्रेलियाई टीम में कई शतकवीर मौजूद हैं जिनसे भारतीय टीम को बचकर रहना होगा।

अगर इतिहास की बात करे तों, अब तक 10 टीमों के बीच कुल 22 डे-नाइट टेस्ट मैच खेले गए हैं। इस दौरान कुल 27 शतक लगे हैं। इसमें भारत की ओर से महज 1 ही शतक लगा है। वो भी विराट कोहली के द्वारा नंवबर 2019 में बांग्लादेश के खिलाफ लगाया गया है। कोलकाता में हुए उस टेस्ट में कोहली ने 136 रनों की पारी खेली थी।

वहीं डे-नाइट टेस्ट के मामले में टॉप पर ऑस्ट्रेलियाई टीम ही है। जिन्होंने अबतक 11 शतक लगाए हैं। कंगारू बल्लेबाजों ने अब तक पिंक बॉल टेस्ट में कुल 28 अर्धशतक बनाए हैं। इस मामले में पाकिस्तान भारत से आगे है, जिसके बल्लेबाजों ने 4 शतक जमाए हैं। न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के खिलाड़ी 3-3 शतक जमा चुके हैं। तो इंग्लैंड और श्रीलंका के नाम 2-2 ही दर्ज हैं।

### मार्नस लाबुशेन के नाम सबसे ज्यादा रिकॉर्ड

डे-नाइट टेस्ट के इतिहास में ऑस्ट्रेलिया की तरफ से मार्नस लाबुशेन टॉप पर हैं। जिन्होंने 4 शतक बनाए हैं उनके अलावा कंगारू टीम से ट्रेविस हेड ने 2 जबकि पीटर हैंड्सकॉम्ब, उस्मान ख्वाजा, शॉन मार्श, स्टीव स्मिथ और डेविड वॉर्नर ने 1-1 शतक लगा चुके हैं।

इनमें से भारतीय टीम के खिलाफ मौजूदा टेस्ट सीरीज में लाबुशेन, हेड, ख्वाजा और स्मिथ खेल रहे हैं। ऐसे में एडिलेड में होने वाला ये पिंक बॉल टेस्ट मैच में भारतीय खिलाड़ियों को संभलकर खेलना होगा। दूसरी ओर कंगारू टीम के लिए विराट कोहली मुश्किल बन सकते हैं।



समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादकः कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालयः मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकारः बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com



# राम चरण की फिल्म आरसी16 में हुई दिव्येंदु की एंट्री

तेलुगु सुपरस्टार राम चरण अपनी आगामी फिल्म आरसी16 (अस्थाई नाम) को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में जान्हवी कपूर के नजर आने की चर्चा बीते कुछ समय से काफी ज्यादा चल रही थी। इस बीच इस फिल्म में अब एक और सितारे की एंट्री हो गई है। वेब सीरीज मिर्जापुर में मुन्ना भैया का किरदार निभाने वाले दिव्येंदु अब राम चरण के साथ पर्दे पर नजर आने वाले हैं।

### फिल्म में हुई मुन्ना भैया की एंट्री

हाल ही में निर्माताओं ने सोशल मीडिया के जरिए इस बात की जानकारी फैंस के साथ साझा की है। वृद्धि सिनेमाज के आधिकारिक एक्स पेज पर दिव्येंदु के फिल्म में काम करने की पुष्टि की गई है। साथ ही, निर्माताओं ने यह भी जानकारी दी है कि फिल्म में उनके लिए खास तरह का किरदार तैयार किया गया है।

### निर्माताओं ने दी जानकारी

इस एक्स पोस्ट में दिव्येंदु खतरनाक लुक में नजर आ रहे हैं। अभिनेता के फोटो के साथ पोस्ट में लिखा है, हमारे पसंदीदा मुन्ना भैया, उनके लिए खास तौर पर तैयार की गई शानदार भूमिका में बड़े पर्दे पर छाएंगे। इस पोस्ट पर लोग काफी ज्यादा उत्साहित नजर आए और उन्होंने दिव्येंदु को राम चरण के साथ पर्दे पर देखने की अपनी उत्सुकता व्यक्त की। निर्देशक ने किया खास अंदाज में स्वागत फिल्म के निर्देशक बुची बाबू सना ने भी फिल्म में उनकी एंट्री पर खुशी जताई है। उन्होंने एक्स पर लिखा, हमारे और आपके भैया....मुन्ना भैया...फिल्म में आपका स्वागत है...आइए धमाल मचाते हैं।

### स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है आरसी 16

आरसी 16 की बात करें तो इसे एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म माना जा रहा है। हाल ही में मैसूर जाते हुए राम चरण की एक तस्वीर भी सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। कथित तौर पर आरसी 16 की शूटिंग 22 नवंबर को मैसूर में शुरू हुई थी। फिल्म में एआर रहमान का संगीत लोगों को सुनने को मिलेगा। बुची बाबू सना रंगस्थलम और उप्पेना जैसी शानदार फिल्में लिख चुके हैं। यही वजह है कि फैंस को उनकी इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है।



# पति पत्नी और वो 2 में नजर आ सकती हैं रवीना टंडन



कार्तिक आर्यन, भूमि पेडनेकर का आक आमच्या पांडे की फिर पति पत्नी और वो को दर्शकों का खूब प्यार मिला। यह फिल्म 6 दिसंबर 2019 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 86.89 करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार किया था। पति पत्नी और वो के सीक्वल का ऐलान पहले ही हो चुका है। अब खबर आ रही है कि फिल्म की स्टार कास्ट में रवीना टंडन भी शामिल हो सकती हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक... पति पत्नी और वो 2 में मुख्य भूमिका निभाने लिए निर्माताओं ने रवीना से संपर्क किया है। फिल्म के निर्देशक मुदस्सर अजीज और रवीना के बीच बातचीत जारी है। इस फिल्म में रवीना एक बोल्ड महिला का किरदार निभाएंगी, जो कार्तिक के जिंदगी में उलझन पैदा करती है। यह कार्तिक और रवीना के बीच पहला सहयोग होने वाला है। फिलहाल इस खबर की ऑफिशियल पुष्टि होना बाकी है। पति पत्नी और वो 2 की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है। कहा जा रहा है कि अगले साल की शुरुआत में फिल्म की शूटिंग शुरू हो जाएगी।




# छावा की बदली रिलीज डेट
## पुष्पा 2 - द रूल से नहीं होगा क्लैश

विक्की कौशल की फिल्म छावा की रिलीज डेट बदल गई है। दिलचस्प है कि मेकर्स ने यह फैसला तब लिया है, जब हफ्ते भार बाद ही यह सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली थी। छत्रपति संभाजी महाराज पर बनी छावा पहले 6 दिसंबर 2024 को रिलीज होने वाली थी। बॉक्स ऑफिस पर इसकी टक्कर अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2- द रूल से होने वाली थी। लेकिन अब फिल्म को एक महीने के लिए टाल दिया गया है। मेकर्स ने घोषणा की है छावा अब 14 फरवरी, 2025 को सिनेमाघरों में आएगी। वैसे, दिलचस्प यह है भी है कि रिलीज की यह नई तारीख विशेष महत्व रखती है, क्योंकि 19 फरवरी को छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती है। लक्ष्मण उतेकर के डायरेक्शन में बनी छावा में विक्की कौशल मराठा योद्धा-राजा छत्रपति संभाजी की भूमिका निभाएंगे। छावा में विक्की कौशल के अलावा अक्षय खन्ना ने औरंगजेब का किरदार निभाया है। फिल्म में रश्मिका मंदाना, आशुतोष राणा, दिव्या दत्ता, नील भूपालम और संतोष जुवेकर भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। दिनेश विजान की मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले इसका निर्माण हुआ है।



# आप जैसा कोई है होगा माधवन-फातिमा की फिल्म का नाम

भारतीय सिनेमा के जाने-माने फिल्म निर्माता और निर्देशक करण भाजन दिनों अपनी अगली फिल्म की तैयारियों में जुटे हुए हैं। खास बात यह है कि इस फिल्म में आर माधवन और फातिमा सना शेख की जोड़ी नजर आएगी। यह पहला मौका है, जब दोनों कलाकार परदे पर साथ नजर आने वाले हैं। अब माधवन और फातिमा की फिल्म के शीर्षक से परदा उठ गया है। यह एक रोमांटिक फिल्म होने वाली है। पिछले काफी समय से खबर आ रही थी कि माधवन और फातिमा की फिल्म का नाम ठरकी रखा गया है, लेकिन इन खबरों में कोई सच्चाई नहीं है। रिपोर्ट्स के अनुसार... माधवन और फातिमा की फिल्म का नाम ठरकी नहीं, बल्कि आप जैसा कोई है है, जिसके निर्देशन की करण ने विवेक सोनी को सौंपी है। राधिका आनंद और जहान हांडा ने इस फिल्मी कहानी लिखी है। यह फिल्म एक लव स्टोरी के इर्द-गिर्द बुनी गई है। हालांकि यह प्रेम कहानी थोड़ा हटके होगी। माधवन फिल्म में एक उम्रदराज आदमी के किरदार में होंगे, वहीं फातिमा एक युवा लड़की की भूमिका में होंगी। फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। धर्मा प्रोडक्शंस का नेटफ्लिक्स से गहरा नाता रहा है।

# पुष्पा 2 के लिए उत्साहित हैं रश्मिका मंदाना

**अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने गुरुवार को इफ्फी गोवा के 55वें संस्करण में पुष्पा 2 फिल्म को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि फिल्म का सीक्वल गुरुवार को रिलीज होने वाला है। फिल्म पुष्पा- द राइज काफी भावुक करने वाली कहानी रही है।**

पुष्पा 2- द रूल में तेलुगू सुपरस्टार अल्लू अर्जुन नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का सेट रश्मिका के लिए घर की तरह ही था। उन्होंने कहा, फिल्म की शूटिंग खत्म होने के बाद वे थोड़ी परेशान हो गईं थीं। फिल्म के दूसरे हिस्से की रिलीज को लेकर रश्मिका बहुत ही उत्साहित हैं।

5 दिसंबर को रिलीज होने वाली है पुष्पा 2 फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 5 दिसंबर को रिलीज होने वाली है। फिल्म का निर्देशन सुकुमार ने किया। फिल्म में रश्मिका मंदाना और फहाद फाजिल भी नजर आने वाली है। उन्होंने कहा, मैं पिछले सात-आठ सालों से इंडस्ट्री में हूं, जिनमें से पांच साल मैं पुष्पा के सेट पर रही हूं। मेरे लिए पुष्पा मेरा घर है।

अभिनेत्री ने कहा, मैं दुनिया में कहीं भी जाती हूं, मैं पुष्पा के सेट पर वापस घर लौटती हूं। मेरे लिए, यह मेरे दिमाग में अवचेतन रूप से चलता रहता है कि मैं दुनिया में कहीं भी जाऊं, मैं वापस घर आऊंगी। यह थोड़ा दुखद है लेकिन साथ ही मैं एक अभिभूत स्थिति में हूं, जहां मुझे नहीं पता कि वास्तव में क्या महसूस करना है। मैं दुखी हूं लेकिन साथ ही मैं उत्साहित भी हूं।

### पुष्पा 2 को लेकर बोलीं रश्मिका

रश्मिका ने कहा, आप सोच रहे होंगे कि पुष्पा 2 पूरी तरह से एक्शन से भरपूर फिल्म होगी, लेकिन यह बेहद भावनात्मक है। इसमें एक पारिवारिक पहलू भी है, जो कि अधिकांश भाग में है। इसलिए जितना आप पुष्पा के स्वैग और एक्शन का इंतजार कर रहे हैं, उतना ही भावनात्मक ड्रामा का भी इंतजार कर रहे हैं। यह सब कुछ का मिश्रण होने जा रहा है।

# शाहिद कपूर की आगामी एक्शन फिल्म के लिए उत्साहित हैं विद्या बालन



शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े की बहुप्रतीक्षित एक्शन फिल्म देवा के साथ दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। रोशन एंड्रयूज द्वारा निर्देशित यह फिल्म 31 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। टीम द्वारा फिल्म की रिलीज डेट हाल ही में साझा की गई है, जिससे प्रशंसकों के बीच फिल्म को लेकर और अधिक उत्साह बढ़ गया है। वहीं अब विद्या बालन ने अपने सोशल मीडिया पर इस थ्रिलर को बड़े पर्दे पर देखने के लिए अपनी उत्सुकता व्यक्त की है। पहले शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े की आने वाली फिल्म देवा 14 फरवरी 2025 को वैलेंटाइन डे के मौके पर रिलीज होने वाली थी। लेकिन, टीम ने फिल्म की बड़े पर्दे पर रिलीज की तारीख को बदलकर 31 जनवरी 2025 कर दिया है, जिससे दर्शकों का इंतजार कम हो गया है। टीम द्वारा घोषणा किए जाने के तुरंत बाद, विद्या बालन ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर इसे रीपोस्ट किया। उन्होंने आगे अपनी उत्सुकता व्यक्त करते हुए लिखा, येय बहुत उत्साहित हूं। अरे देवा, 31-01-25 का इंतजार नहीं कर सकती। इस फिल्म का निर्माण विद्या के पति और फिल्म निर्माता सिद्धार्थ रॉय कपूर ने किया है। फिल्म की नई तारीख के बारे में टीम द्वारा आधिकारिक रूप से घोषणा करते हुए कैप्शन में लिखा, बैठ जाइए, क्योंकि इंतजार अब कम हो गया है! देवा आपके सोचने से भी पहले आ रहा है- 31 जनवरी, 2025! प्रचार वास्तविक है, ऊर्जा उम्मीद से ऊपर है, और हम आपको उम्मीद से पहले इस एक्शन से भरपूर थ्रिलर को लाने के लिए उत्साहित हैं! अपने कैलेंडर को चिह्नित करें और एक दिल-धड़कन वाले अनुभव के लिए तैयार हो जाएं जिसे आप कभी नहीं भूलेंगे! ऐसा नहीं है कि सिर्फ देवा को ही नई रिलीज डेट मिली है। विक्की कौशल की फिल्म छावा अब 6 दिसंबर, 2024 के बजाय 14 फरवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। एंटरटेनर के निर्माताओं ने आधिकारिक तौर पर इसकी घोषणा की है।



# विक्की कौशल ने पत्नी कैटरीना कैफ को क्यों कहा सूबेदार?

विक्की कौशल अपनी पत्नी कैटरीना कैफ की तारीफ करते नहीं थकते। अक्सर अभिनेता अपने अभिनय कौशल या डांस मूव्स के लिए अभिनेत्री को श्रेय देते नजर आते हैं। लेकिन इस बार, उन्होंने अपने स्टाइल का श्रेय उन्हें दिया है। छावा अभिनेता ने हाल ही में एक इवेंट के रेड कार्पेट पर रैंप वॉक किया। अभिनेता ने बताया कि कैसे कैटरीना उनके वॉर्डरोब की जिम्मेदारी संभालती हैं, जिससे वह कपड़े बदलकर थोड़ा प्रेजेंटेबल दिखते हैं। उन्होंने पत्नी कैटरीना को अपनी स्टाइल टीम का सूबेदार बताया और साझा किया कि कैटरीना उन्हें अक्सर कार्यक्रमों के लिए कपड़े चुनने में मदद करती है। जब विक्की कौशल से उनके पहनावे की पसंद के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने खुद को फैशन हैंडिकैप्ड बताया और साझा किया कि आकर्षक और प्रेजेंटेबल दिखने के लिए वह अपनी टीम पर निर्भर हैं। विक्की कहते हैं, मैं वास्तव में एक फैशन हैंडिकैप्ड इंसान हूं। मैं खुद को थोड़ा प्रस्तुत करने योग्य बनाने के लिए अपनी स्टाइल टीम पर भरोसा करता हूं।

### पत्नी को बताया स्टाइल टीम का सूबेदार

जब उनसे पूछा गया कि क्या कैटरीना कभी किसी कार्यक्रम में जाने से पहले उनसे अपना पहनावा बदलने के लिए कहती हैं, तो अभिनेता ने तुरंत कहा, हां, निश्चित रूप से वह स्टाइल टीम की सूबेदार हैं। सिर्फ विक्की ही नहीं कैटरीना भी अपने पति विक्की की तारीफ करने का कोई मौका नहीं छोड़तीं।

### कैटरीना भी बांध चुकी हैं पति की तारीफों के पुल

इस साल की शुरुआत में एक इंटरव्यू के दौरान अभिनेत्री ने उन दिनों के बारे में बात की थी जब उन्हें अच्छा महसूस नहीं हो रहा था और उन्हें अपनी असुरक्षाओं से निपटने के लिए आश्वासन की जरूरत थी। वह याद करती हैं कि कैसे उनके पति उन्हें खुद के साथ नम्र रहने की याद दिलाने में मदद करते थे।

# 'महायोगी' 13 दिसम्बर को सिनेमाघरों में

ईश्वर ने बड़े प्रेम से मानव जाति को बनाया है और इंसानों में वह अपने ही प्रेम की छवि तलाश करते हैं। आज हर तरफ शैतानी ताक़तें सर उठाती ही जा रही है। इंसान भूल चूका है कि वह साक्षात ईश्वर का ही स्वरूप है। ऐसे में महायोगी हम सब से कहने आये हैं, कि अब ऐसा नहीं होगा। अब मानवता के जागने की बारी आ गई है। कलयुग अपने अंतिम चरण पर है और धरती माता, प्रकृति, पूरा ब्रह्माण्ड और स्वयं ईश्वर, अब दुष्टों का दमन करने को तैयार है। उन्होंने महायोगी के माध्यम से हम सब को आह्वान किया है कि हम धार्मिक, सामाजिक और आंतरिक भेदभाव भूल कर आपसी प्रेम, शांति और वैश्विक एकता के रास्ते पर चल पड़ें। तभी कलयुग का अंत और सतयुग का आरम्भ होगा। निर्माता निर्देशक राजन लूथरा अपनी फिल्म 卐महायोगी हाईवे 1 टू वननेस卐 के माध्यम से ईश्वर की यही बातें लोगों तक पहुंचा रहे हैं कि उनके प्रेम और आपसी सद्भाव में ही ईश्वर बसते हैं, और कहीं नहीं। 13 दिसम्बर 2024 को आपके नज़दीकी सिनेमाघरों में आ रहे हैं परमेश्वर के सन्देश को आप तक पहुंचाने वाले महायोगी। प्रिंस मूवीज़ के राकेश सभरवाल फ़िल्म को ऑल इंडिया रिलीज़ कर रहे हैं।

